दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3ः अंकः 48 | ग्वालियर बुधवार 16नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़ पर कनाडा का आया जवाब, भारत ने जताई थी चिंता




**टोरंटो।** कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में श्री भगवद गीता पार्क में हुई तोड़फोड़ को लेकर भारत की चिंताओं पर अब कनाडा ने जवाब दिया है। कनाडा सरकार के अधिकारियों के कहना है कि पार्क में कोई तोड़फोड़ नहीं की गई है बल्कि कथित खाली जगह को मरम्मत कार्य के दौरान छोड़ा गया था। भारत द्वारा घटना की निंदा किए जाने और शहर के प्रशासन से इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किए जाने के कुछ देर बाद अधिकारियों की यह प्रतिक्रिया सामने आई है। इस पार्क को पहले ट्रॉयर्स पार्क के नाम से जाना जाता था और बाद में इसका नामकरण श्री भगवद गीता पार्क किया गया। इसका उद्घाटन 28 सितंबर को किया गया था। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त ने रविवार को ट्वीट किया था, 'हमलोग ब्रैम्पटन में श्री भगवद गीता पार्क में हेट क्राइम के तहत की गई तोड़फोड़ की निंदा करते हैं। हम कनाडा के अधिकारियों और पुलिस से मामले की जांच करने और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का अनुरोध करते हैं।'इसके बाद ब्रैम्पटन के महापौर पैट्रिक ब्राउन ने रविवार रात को ट्विटर पर मामले में सफाई दी थी। ब्रैम्पटन कनाडा के ओंटारियो प्रांत में एक शहर है। इसमें बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। ब्राउन ने ट्वीट किया, 'हाल में उद्घाटन किए गए भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़ से संबंधित कल की रिपोर्ट के बाद हमने मामले में जांच के लिए त्वरित कार्रवाई की। हमें पता चला कि बिल्डर ने वह कथित जगह छोड़ी थी ताकि वहां श्री भगवद गीता पार्क के स्थायी निशान को लगाया जा सके।'ब्राउन ने यह मुद्दा उठाने के लिए भारतीय समुदाय का धन्यवाद किया और कहा, 'हमें खुशी है कि यह मुद्दा सामने आया। यह मुद्दा हमारे ध्यान में लाने और ब्रैम्पटन को एक सुरक्षित एवं समावेशी जगह बनाने के लिए हम समुदाय (भारतीय) का धन्यवाद करते हैं।' उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, ''खाली जगह मरम्मत के दौरान छोड़ी गई थी। यह कोई आम प्रक्रिया नहीं है क्योंकि हम तब तक कोई निशान नहीं हटाते हैं जब तक कि वह क्षतिग्रस्त नहीं हो जाए या उसका नाम नहीं बदला जाए।'स्थानीय पुलिस ने भी कहा, 'पार्क में किसी भी स्थायी निशान या ढांचे के तोड़फोड़ के कोई साक्ष्य नहीं है।' पुलिस ने ट्वीट किया, 'स्थायी निशान को वहां अभी लगाया जाना बाकी है और यह एक अस्थायी निशान है जो पार्क के नामकरण के दौरान लगाया गया था।' पिछले महीने भारत ने कनाडा में अपने नागरिकों को 'हेट क्राइम, सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों' का हवाला देते हुए सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की थी।

# कर्नाटक के झंडे पर राहुल की फोटो से विवाद, कन्नड़ संगठनों ने किया विरोध

**मैसूर।** कर्नाटक के झंडे पर राहुल गांधी की तस्वीर से नया विवाद खड़ा हो गया है। कई कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी पर निशाना साधा है। कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कांग्रेस को कर्नाटक ध्वज पर राहुल गांधी की तस्वीर का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी दी है। अनौपचारिक कन्नड़ ध्वज या कर्नाटक ध्वज में एक पीले और लाल रंग की पट्टी होती है, जिसे कन्नड़ और कर्नाटक दोनों का प्रतीक कहा जाता है।
रविवार को मैसूर में पार्टी की यात्रा के दौरान कर्नाटक के झंडे लहराते देखे गए। इन झंडों पर राहुल गांधी की तस्वीरें छपी हुई थीं। झंडे पर राहुल गांधी की तस्वीर छापने के लिए कन्नड़ समर्थक समूहों ने कांग्रेस से माफी मांगने की भी मांग की है। कर्नाटक नवनिर्माण सेना जैसे कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कर्नाटक के झंडे का इस्तेमाल इस तरह की राजनीति के लिए नहीं करने का आग्रह किया है। संगठनों ने सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से माफी की भी मांग की। कर्नाटक के राजस्व मंत्री आर



अशोक ने इंडिया टुडे से कहा, मैं कन्नड़ ध्वज पर फोटो की निंदा करता हूं। जब [कांग्रेस नेता] सिद्धारमैया सत्ता में थे, उन्होंने कर्नाटक का झंडा बदल दिया। उस समय सभी कन्नडिगों ने विरोध किया, फिर उन्होंने इसे बदल दिया। अब, राहुल गांधी की तस्वीर [झंडे पर] कांग्रेस के लिए शर्म की बात है। इस पूरे विवाद पर कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार की भी टिप्पणी आ गई है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, उन्होंने कहा, मैं माफी नहीं मांगूंगा। यह हमारा मूल कर्तव्य है। कन्नड़ झंडा किसी की संपत्ति नहीं है। राष्ट्रीय ध्वज पर, हम अपने नेताओं की तस्वीर लगाते हैं। कन्नड़ ध्वज पर भी, हम अपने नेताओं की तस्वीर लगाते हैं। यह फैसला हमने लिया है। मैं माफी नहीं मांगना चाहता। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक के मैसूर शहर तक पहुंच गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक में पार्टी की ''भारत जोड़ो यात्रा'' के तीसरे दिन सोमवार को यहां चामुंडी पहाड़ियों के ऊपर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर जा कर पूजा अर्चना की। राहुल जब मंदिर गए तब उनके साथ उनके समर्थक और पार्टी के नेता भी थे । देवी चामुंडेश्वरी मैसूर राजघराने की कुल देवी और कई शताब्दियों से मैसुरू की अधिष्ठात्री

## ताजमहल नहीं अब तमिलनाडु के महाबलिपुरम जा रहे हैं सबसे ज्यादा विदेशी पर्यटक

**नई दिल्ली।** ताजा सरकारी आंकड़ों की मानें तो ताजमहल अब विदेशी पर्यटकों को रिझाने में फिसलता जा रहा है। पर्यटन मंत्री द्वारा जारी भारतीय पर्यटन सांख्यिकी 2022 के अनुसार, तमिलनाडु का ऐतिसाहिक शहर मामल्लापुरम ने विदेशी पर्यटकों की संख्या में ताजमहल को पछाड़ दिया है। मामल्लापुरम को महाबलीपुरम के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल ताजमहल की तरह महाबलीपुरम मंदिर भी एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021-22 में चेन्नई से करीब 60 किलोमीटर दूर स्थित मामल्लापुरम में 1,44,984 विदेशी पर्यटक आए थे। यह संख्या उन विदेशिय पर्यटकों की संख्या की 45.50 प्रतिशत थी, जिन्होंने टिकट के इस्तेमाल के साथ शीर्ष 10 सबसे लोकप्रिय और केंद्रीय रूप से संरक्षित स्मारकों का दौरा किया था। इस सूची में ताज महल 38 हजार लोगों के आगमन के साथ दूसरे नंबर पर रहा।
यूपी के आगरा स्थित ताजमहल देखने के लिए 2021 में 38,922 विदेशी पर्यटक आए। यह संख्या कुल आगंतुकों का 12.21 प्रतिशत है। यह तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले का एक शहर है। महाबलीपुरम को 7वीं और 8वीं शताब्दी के हिंदू स्मारकों के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के लिए जाना जाता है। यह भारत के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों



में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण भारत में 2021 में विदेशी पर्यटकों की आवक कम हो गई। 2020 में देश में 27.40 लाख विदेशी सैलानी आए थे जिनकी संख्या पिछले साल कम होकर 15.20 लाख रह गई। वर्ष 2020 की तुलना में 2021 में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में 44.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। वैसे आपको बता दें कि केंद्रीय सूची में शीर्ष 10 स्मारकों में से छह तमिलनाडु में हैं। इनमें चेंगलपट्टू जिले के तटीय गांव सालुवनकुप्पम में स्थित रॉक-कट मंदिर के साथ दो अन्य स्मारक हैं। इसके अलावा जिंजी जिले के पास जिंजी दुर्ग (गिंगी फोर्ट), कन्याकुमारी जिले के पास वट्टाकोट्टई किला, थिरुमयम किला, रॉक-कट जैन मंदिर और पुदुक्कोट्टई जिला में सिट्टानवासल शामिल है। रिपोर्ट में दिये गये आंकड़ों के अनुसार 2021-22 में ताज महल का दीदार 32.90 लाख घरेलू पर्यटकों ने किया। लाल किला देखने 13.20 लाख और कुतुब मीनार के लिए 11.50 लाख विदेशी सैलानी पहुंचे। ताज महल देखने आने वाले घरेलू पर्यटकों की तादाद कुल पर्यटकों का 12.65 प्रतिशत रही। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2021-22 में घरेलू पर्यटकों की कुल संख्या 2,60,46,891 थी जबकि 2020-21 में यह तादाद 1,31,53,076 रही थी। 2021-22 में घरेलू पर्यटकों की संख्या में बीते वर्ष की तुलना में 98 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक 2021-22 में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या 3,18,673 थी जबकि 2020-21 में 4,15,859 विदेशी पर्यटक भारत आए थे। भारत में ऐसे 3,693 धरोहर स्थल हैं जिनका संरक्षण एएसआई के हाथ में हैं। इनमें से कई यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल हैं। गौरतलब है कि 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण एएसआई संचालित पर्यटन स्थलों को चार महीने से अधिक समय के लिए बंद किया गया था।

## अब महाराष्ट्र में गरबा डांस कर रहे युवक की मौत, अस्पताल ले गए दुखी पिता ने सदमे में तोड़ा दम



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। यहां गरबा खेल रहे एक युवक की मौत हो गई। बेटे की मौत का सदमा पिता से नहीं झेला गया और उसने भी दम तोड़ दिया। मामला पालघर जिले के विरार शहर का है। यहां एक गरबा कार्यक्रम में नृत्य करने के दौरान 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। विरार पुलिस से एक अधिकारी ने बताया कि मनीष नरपजी सोनिग्रा शनिवार-रविवार की रात को विरार में ग्लोबल सिटी कॉम्प्लेक्स में एक गरबा कार्यक्रम में नृत्य करते हुए गिर पड़े। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को उसके पिता नरपजी सोनिग्रा अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की मृत्यु की खबर सुनकर उसके पिता भी गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और इस संबंध में दुर्घटनावश मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले गुजरात के आणंद जिले में रविवार को गरबा खेलते हुए 21 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। गरबा कार्यक्रम का आयोजन आणंद के तारापुरआ की शिव शक्ति सोसायटी द्वारा किया गया था। मृतक की पहचान वीरेंद्र सिंह रमेश भाई राजपूत के तौर पर हुई है। 30 सितंबर को 21 साल के वीरेंद्र गरबा खेल रहे थे। इस दौरान दोस्त उसका वीडियो बना रहे थे। तभी अचानक वीरेंद्र बेहोश होकर नीचे गिर गया। सोसाइटी के लोग उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर गए। मगर वीरेंद्र ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। डॉक्टर ने बताया कि युवक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई है। वीडियो की शुरुआत में वीरेंद्र काफी असहज लग रहे हैं। फिर गरबा खेलते हुए वह जमीन पर गिर जाते हैं। 21 साल के वीरेंद्र राजपूत के पिता मोरज गांव के प्राथमिक स्कूल में प्रिंसिपल हैं। वीरेंद्र दो भाइयों में छोटे थे। वह सेहत में पूरी तरह से फिट थे। बेटे की अचानक मौत से परिवार में शोक की लहर है।

## सत्यनारायण पूजा के गलत परिणाम आए, आरोप लगा पुजारी की पिटाई

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में एक पुजारी की पिटाई कर दी गई। सोमवार को यहा पुलिस ने जानकारी दी है कि इंदौर में एक पुजारी की पिटाई पूजा कराने वाले लोगों ने इसलिए कर दी क्योंकि सत्यानारायण पूजा के दौरान उसने जो विधि-विधान किये थे उसका उन्हें गलत परिणाम मिल गया। पुजारी का नाम कुंजबिहारी शर्मा बताया जा रहा है जो राजस्थान के कोटा जिले के रहने वाले हैं। चंदानगर पुलिस स्टेशन इंचार्ज अभय नेमा ने पीटीआई को बताया कि उनकी पिटाई पूजा करवाने वाले शख्स और उनके दो बेटों ने बीते गुरुवार की रात को की है। उन्होंने कहा, स्कीम नबंर-71 में रहने वाले लोग उन्हें पुलिस थाने में खून से लथपथ हालत में लेकर आए थे। 60 साल के पुजारी को लक्ष्मीकांत शर्मा के घर में पूजा करवाने के लिए बुलाया गया था। पूजा खत्म होने के बाद वो घर चले गये थे। लेकिन देर रात लक्ष्मीकांत शर्मा और उनके बेटों विपुल और अरुण ने पुजारी की पिटाई कर दी। विपुल ने दांत से पुजारी का कान भी काटा। हमलावरों का आरोप था कि पूजा होने के बाद अरुण अजीबोगरीब बर्ताव कर रहा था क्योंकि यह पूजा गलत तरीके से कराई गई थी। इसके बाद पुजारी को उसके पड़ोसियों ने बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इस मामले में लक्ष्मीकांत शर्मा और उनके बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। पड़ोसियों का कहना है कि अरुण की शादी नहीं हो पा रही थी। इसीलिए यह पूजा करवाई गई थी।

## आरंभ है प्रचंडः भारतीय वायुसेना में शामिल नया एलसीएच, कैसे चीन को ऊंचाई पर भी देगा मात

**जोधपुर।** भारत की सेना में कभी आयातित विमानों, हथियारों और फाइटर जेट्स की भरमार थी, लेकिन अब तीनों सेनाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में अब स्वदेश में निर्मित हल्के लड़ाकू विमान %प्रचंड% को भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल किया गया है। इन लड़ाकू विमानों से मिसाइलों और अन्य हथियारों की फायरिंग की जा सकती है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इन हेलिकॉप्टर्स से रक्षा उत्पादन में भारत की क्षमता का पता चलता है। इन्हें सरकारी हथियार कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने तैयार किया है। इन्हें खासतौर पर ऊंचाई वाले इलाकों में रक्षा के लिए तैयार किया गया है। सोमवार को जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम में इन्हें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एयर चीफ वीआर चौधरी की मौजूदगी में वायुसेना में शामिल किया गया। डिफेंस मिनिस्टर ने इस दौरान इन हल्के लड़ाकू विमानों के नाम का खुलासा करते हुए बताया कि इन्हें प्रचंड कहा जाएगा। अगले कुछ सालों में भारतीय वायुसेना और सेना में इन हेलिकॉप्टर्स की भूमिका में इजाफा किया जाएगा। 5.8 टन के दोहरे इंजन वाले हेलिकॉप्टरों से हथियारों का फायरिंग टेस्ट पहले ही पूरा हो चुका है। भारतीय सेना के पास पहले से ही अमेरिकी अपाचे चॉपर भी मौजूद हैं। जो ज्यादा बड़े और ताकतवर हैं। अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में ज्यादा हथियार ले जाने में इनकी अहम भूमिका है। अब प्रचंड भी इस काम में अहम रोल अदा करेगा। इस चॉपर का डिजाइन पूरी तरह से भारतीय है और इसमें स्वदेशी तकनीकों का ही इस्तेमाल किया गया है। इन चॉपर्स की टेस्टिंग लद्दाख में की गई है। ये एयर-टू-एयर मिसाइलों के जरिए चीनी ड्रोन्स को मात दे सकती हैं। इसके अलावा जमीन पर दुश्मन के टैंकों को भी ध्वस्त करने में ये सक्षम हैं। हवा से सतह पर मार करने वाले ऐंटी टैंक हथियारों के जरिए ये चॉपर इस काम को अंजाम दे सकते हैं। फिलहाल इन चॉपर्स की 95 यूनिट्स को भारतीय सेना में शामिल किया जा रहा है। इनमें से 65 को भारतीय वायुसेना में शामिल किया जाएगा। इनके निर्माण के लिए सरकार की ओर से शुरुआती बजट 3,500 करोड़ रुपये का जारी किया गया है। आने वाले समय में इसमें और इजाफा किया जाएगा। आने वाले समय में इन हेलिकॉप्टर्स के दूसरे अवतारों को भी तैयार किया जाएगा। प्रचंड लड़ाकू विमान की ध्रुव से काफी समानता है। इसमें कई मारक क्षमताएं हैं।



## क्या है एयरफोर्स स्क्रैंबलिंग, जिसके दम पर भारत ने मोड़ा ईरानी विमान का रुख




नई दिल्ली। आज अचानक से एक शब्द काफी ज्यादा ट्रेंड होने लगा है। यह शब्द है एयरफोर्स स्क्रैम्बलिंग। यह शब्द जिस घटना से आज सुर्खियों में आया है, वह भी अपने आप में चौंकाने वाली ही है। असल में ईरान का एक विमान भारतीय उड़ान क्षेत्र में घुस आया। सूचना मिली की इस विमान में बम है। इसके बाद विमान के पायलट को जयपुर या चंडीगढ़ में लैंडिंग का ऑप्शन दिया गया। लेकिन पायलट इस जहाज को दिल्ली में उतारने की जिद पर अड़ा था। यह सूचना मिलते ही पंजाब और जोधपुर के एयरबेस से एयरफोर्स स्क्रैंबलिंग की गई और इसके बाद विमान का रुख ईरान की तरफ मोड़ा गया। आइए आपको बताते हैं कि आखिर एयरफोर्स स्क्रैंबलिंग होती क्या है। स्क्रैंबलिंग का इस्तेमाल वायुसेना इमरजेंसी सिचुएशन में करती है। अगर कभी युद्ध के हालात पैदा हों या फिर किसी खतरे की आहट हो तो एयरफोर्स स्क्रैंबल होता है। इसमें होता यह है कि फाइटर जेट्स तेजी से तैनात किए जाते हैं और एक्शन में आ जाते हैं। ईरान के विमान के भारत के आसमान में आना और उसमें बम होने की सूचना कुछ ऐसी ही इमरजेंसी हालात थे। तिस पर विमान के पायलट का दिल्ली में उतरने की जिद, जिसके चलते एयरफोर्स को यहां मोर्चा संभालना पड़ा। स्क्रैंबलिंग के तहत वायुसेना के विमान संदिग्ध विमान को घेरे में ले लेते हैं। इसके बाद विमान को या तो लैंडिंग के लिए कहा जाता है, या फिर उसे सीमा क्षेत्र से बाहर खदेड़ दिया जाता है। चूंकि ईरान के विमान में बम होने की सूचना थी, इसलिए उसे सीमाक्षेत्र से बाहर खदेड़ दिया गया। हालांकि विमान इस दौरान इस बात का भी ख्याल रखते हैं कि संदिग्ध विमान की घेरबंदी करते हुए कहीं वह उसके बहुत ज्यादा करीब न पहुंच जाएं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पूर्व आईपीएस अफसर किरण बेदी से मांगी मदद



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु वीरेंद्र देव दीक्षित द्वारा रोहिणी में स्थापित एक आश्रम में रहने वाली महिलाओं के कल्याण से संबंधित मामले में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की रिटायर्ड अधिकारी किरण बेदी की सहायता मांगी है। हाईकोर्ट ने इससे पहले रोहिणी स्थित आध्यात्मिक विद्यालय के कामकाज की निगरानी के लिए किरण बेदी की देखरेख में एक कमेटी का गठन किया था। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल बेदी को मामले को सात अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने की जानकारी दी जाए। हाल ही में पारित आदेश में चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने कहा कि किरण बेदी से सुनवाई की अगली तारीख पर मामले में इस अदालत की सहायता करने का आग्रह किया जाता है। बेंच ने कहा कि दिल्ली महिला आयोग की तरफ से पेश विद्वान वकील को किरण बेदी को यह सूचित करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है कि मौजूदा मामले को सात अक्टूबर 2022 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। रजिस्ट्रार जनरल भी किरण बेदी को मामले को सात अक्टूबर 2022 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने की जानकारी देंगे। 2017 में गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) फाउंडेशन ऑफ सोशल एम्पॉवरमेंट ने यह आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था कि कई नाबालिग लड़कियों और महिलाओं को आध्यात्मिक विद्यालय में अवैध रूप से बेहद खराब परिस्थितियों में रखा जा रहा है और उन्हें उनके अभिभावकों से मिलने की अनुमति नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को आश्रम के संस्थापक वीरेंद्र देव दीक्षित का पता लगाने को कहा था। अदालत ने जांच एजेंसी को नाबालिग लड़कियों और महिलाओं को आश्रम में कथित तौर पर अवैध रूप से बेहद खराब परिस्थितियों में रखे जाने के आरोपों की जांच करने का भी निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने आध्यात्मिक विद्यालय के परिसर का मुआयना करने के लिए तत्काल एक कमेटी भी बनाई थी, जिसमें दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल और वकील अजय वर्मा व नंदिता राव शामिल थे। कमेटी ने आश्रम में सौ से अधिक लड़कियों और महिलाओं के रहने की बेहद %भयानक% स्थिति का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट सौंपी थी। उसने कहा था कि इन लड़कियों और महिलाओं को %जानवरों जैसी परिस्थितियों में रखा जा रहा है, जहां उनकी कोई निजता नहीं है, यहां तक कि नहाने के दौरान भी।

# पीसांगन से अजमेर रोडवेज बसों के नियमित संचालन के लिए करवाया अवगत

**अजमेर –पाली/** पीसांगन से अजमेर रोडवेज बसों के नियमित संचालन को लेकर उपखंड अधिकारी व तहसीलदार के नहीं मिलने पर कनिष्ठ सहायक दिनेश कुमार सैनी को ज्ञापन देकर पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार कुमावत ने बताया की पीसांगन उपखंड क्षेत्र में पीसांगन से अजमेर वाया मांगलियावास एकमात्र रोडवेज बस संचालित थी जिसे भी आज बंद कर दी गई है जबकि उपखंड क्षेत्र से लगभग ढाई सौ 300 छात्र-छात्राएं अजमेर अध्ययन हेतु जाते हैं साथ ही प्रतिदिन आसपास के क्षेत्र के लोग अजमेर जिला चिकित्सालय जाते हैं मगर संसाधन के अभाव में आमजन परेशान हो रहे हैं विभाग की लापरवाही से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है अगर 3 दिन में कोई कार्यवाही नहीं होती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी आप उच्च अधिकारियों से बात करके पीसांगन उपखंड हेतु तीन बसों का संचालन सुचारू रूप से करवाएं जिससे सभी को राहत मिल सके इस दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार कुमावत प्रेमा राम गुर्जर मुकेश सिंह शेखावत एडवोकेट विजय प्रकाश कुमावत एडवोकेट खेमराज शर्मा वार्ड पंच कुलदीप कुमावत प्रकाश कुमावत सुशील कुमावत संजय अशोक वैष्णव एडवोकेट सुनील साहू एडवोकेट रवी कुमावत एडवोकेट दिनेश चंदेल एडवोकेट लेखराज साहू आदि ग्रामीण उपस्थित थे




# मंडला हॉस्टल जयपुर के मालिक आशुतोष पारीक ने विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में भेंट किए बर्तन

**अजमेर –पाली/**पाली ऱ्कोट किराना ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय समेल में जयपुर निवासी आशुतोष पारीक ने विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए थाली कटोरी और चम्मच किए भेंट। प्रधानाध्यापक रामस्वरूप चौधरी ने बताया कि मंडला हॉस्टल के मैनेजर मोहन सिंह समेल ने अपने हॉस्टल मालिक से बात करके अपने गांव के विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए बर्तनों की आवश्यकता को देखते हुए आर्थिक मदद मांगी जिसे पूरा करते हुए भामाशाह आशुतोष पारीक ने विद्यार्थियों के लिए थाली, कटोरी और चम्मच विद्यालय में किए भेंट। इस वर्ष विद्यालय में नामांकन बढ़ने के कारण तथा प्रत्येक माह का विद्यार्थियों हेतु बनने वाले स्पेशल डाइट में खीर पुरी हलवा इत्यादि बनाया जाता है जिसे सुविधाजनक तरीके से खाने के लिए विद्यार्थियों को बर्तनों की आवश्यकता थी प्रधानाध्यापक के कहने पर रावत मोहन सिंह समेल ने विद्यालय में करवाया सहयोग। भारतीय सेना से रिटायर श्रीमान सुरेंद्र सिंह चौहान निवासी छोटी समेल ने नवरात्रि के उपलक्ष मे सभी विद्यार्थियों को खीर, पुरी, सब्जी ,छोले इत्यादि खिलाकर पुण्य कार्य किया।सर्दियों के मौसम में भी भामाशाह आशुतोष पारीक ने विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए थे। आशुतोष पारीक का कहना है कि जहां भी विद्यार्थियों के लिए जरूरत हो हमें बढ़-चढ़कर उनकी मदद करनी चाहिए ताकि कोई भी विद्यार्थी किसी कमी के कारण शिक्षा से वंचित ना रहे। सहयोग करने के लिए दूरी मायने नहीं रखती हैं सच्ची श्रद्धा से सहयोग कर सकते है। विद्यालय परिवार तथा समस्त ग्राम वासियों ने भामाशाह का जताया आभार।



### अंग्रेजों से भारत को आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का विशेष योगदान रहा है- जिलाधिकारी

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प चढ़ाकर नमन किया

**अंबेडकरनगर,।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती समारोह के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार कनौजिया, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ वैभव शर्मा द्वारा समस्त अधिकारी /कर्मचारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात महात्मा गांधी जी तथा लाल बहादुर शास्त्री के एक बड़े चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया गया तथा उनके प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर नमन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर गांधी जयंती समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट में किया गया। इस दौरान नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गांधी जयंती समारोह के शुभ अवसर पर भजन संगीत का कार्यक्रम किया गया इन छात्र-छात्राओं द्वारा संगीत के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपने शब्दों में संबोधन किया गया कि 2 अक्टूबर का दिन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस दिन भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ था। 2 अक्टूबर को हर वर्ष गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। अंग्रेजों से आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का विशेष योगदान रहा है। इस साल महात्मा गांधी की 153 वीं जयंती मनाई जा रही है। महात्मा गांधी को बापू के नाम से भी जाना जाता है। 2 अक्टूबर को हर साल अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी मनाया जाता है। सत्य और अहिंसा को लेकर बापू के विचार हमेशा से न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।गांधीजी ने भारतीय समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी बुराइयों के प्रति लगातार आवाज उठाई। वो चाहते थे कि ऐसा समाज बने जिसमें सभी लोगों को बराबरी का दर्जा हासिल हो क्योंकि सभी को एक ही ईश्वर ने बनाया है। उनमें भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। नारी सशक्तीकरण के लिए भी वह हमेशा प्रयासरत रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक तथा अन्य अधिकारियो द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। गांधी जयंती समारोह के दौरान मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार कनौजिया, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ वैभव शर्मा , वरिष्ठ कोषाधिकारी जगरोपनराम,अपर उप जिलाधिकारी मोहन लाल गुप्ता, उप जिलाधिकारी बाबू राम, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी /कर्मचारी गण मौके पर उपस्थित रहे



# वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों को अंग वस्त्र देकर डीएम ने मनाया वृद्ध दिवस

**अंबेडकरनगर।** अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जनपद में संचालित वृद्ध आश्रम में जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा वृद्धजनों को वस्त्र का वितरण किया गया तथा वृद्धजनों से जिलाधिकारी महोदय द्वारा उनके स्वास्थ्य के बारे में, खान पान के बारे में तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में पूछताछ किया गया। वृद्ध जनों द्वारा अवगत कराया गया कि हम लोग को रहने तथा खाने पीने को लेकर किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा वृद्ध आश्रम में मेडिकल कैंप का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अंशू शुक्ला, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकर नगर एवं श्री अंशू बग्गा,समाजसेवी द्वारा वृद्धजनों को फल वितरण किया गया।




# चौरी चौरा के इतिहास पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सरैया सरदार नगर स्थित एडवांस कंप्यूटर एजुकेशन में पंडित महा मना फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र सचिन गौरी वर्मा द्वारा गांधी जयंती पर चोरी चोरा के इतिहास नामक विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में अलग-अलग इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित हो रही है एवं इसे आयोजित करने में अपना ट्रस्ट की संस्थापिका स्वेच्छा श्रीवास्तव, परमात्मा सेवा कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक मनीष वर्मा का योगदान प्रमुख है। यह जिला स्तर का कार्यक्रम श्रवण सामाजिक एवं वेलफेयर सोसाइटी कथा पंडित महामना फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से लेकर 12 तक के विद्यार्थी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। यह परीक्षा कई चरण में आयोजित होगी एवं इसके अगले चरण की परीक्षा 14 नवंबर को लेडी प्रसन्न कौर इंटर कॉलेज बसडीला, नेहरू स्मारक बालिका इंटर कॉलेज एवं महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज चौरी चौरा में संपन्न होगी। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण 25 दिसंबर को मालवीय जी के जयंती के उपलक्ष में शहीद स्मारक चौरी चौरा के प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजित करके दिया जाएगा।



# स्वेच्छा श्रीवास्तव एवं सचिन गौरी वर्मा ने प्रधानाचार्य को युवा इमोशन अभियान से कराया अवगत

चौरी चौरा स्थित महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज में अपना ट्रस्ट की संस्थापिका स्वेच्छा श्रीवास्तव एवं पंडित महामना फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक सचिन गौरी वर्मा द्वारा युवा इमोशन नामक कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसके लिए अपना ट्रस्ट की संस्थापिका स्वेच्छा श्रीवास्तव ने विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय जायसवाल को एक पत्र दिया जिसके माध्यम से विद्यालय के बच्चों को सूचना दी जा सके। इस युवा इमोशन नामक कार्यक्रम में बच्चों की काउंसलिंग, अभिभावक एवं बच्चों के बीच सामंजस्य स्थापित करना एवं उनके कैरियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां निऱ्शुल्क रूप से विद्यालय के अध्यापकों के साथ मिल कर दी जायेंगी। साथ ही 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में विद्यालय में प्रधानाचार्य जी एवं शिक्षकों द्वारा महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं सड़क सुरक्षा पर चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई साथ ही काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं पंडित महामना फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक सचिन गौरी वर्मा के सौजन्य से प्रधानाचार्य संजय जायसवाल के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में एक फ्लैक्स लगवाया गया जिस पर चौरी चौरा का इतिहास छपा हुआ है



## क्विज प्रतियोगिता मैं अंशिका भास्कर को जिला में मिला प्रथम स्थान जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान

**पीलीभीत** जिले में क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें जिले के सात ब्लॉको के बच्चों को प्रतियोगिता मैं शामिल किया गया जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अंशिका भास्कर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले भर मे अपने विद्यालय का नाम रोशन कियाअंशिका को प्रथम स्थान मिलने पर जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया अंशिका भास्कर के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि अंशिका कक्षा 7 की छात्रा हैअंशिका कक्षा एक से ही कॉफी पढ़ने में तेज है वहीं पर विद्यालय के स्टाफ ने भी.कॉफी मेहनत की जिससे हमारे विद्यालय का नाम भी जिले भर में रोशन हुआ प्रधानाचार्य सुरेश कुमार मौर्य ने अपने पूरे स्टाफ अध्यापक उपेंद्र मिश्रा हरिओम पांडे के के मिश्रा रामचंद्र लाल प्रभा रानी एवं रुपेश कुमार सहित अपने स्टाफ की मेहनत का नतीजा बताया और अंशिका भास्कर के उज्जवल भविष्य की कामना की वहीं परअंशिका के लिए सभी लोग बधाई दे रहे हैं छात्रा के माता-पिता भी अपनी पुत्री पर नाज कर



# मुकुट पूजा के साथ पहितीपुर की रामलीला का हुआ शुभारंभ

**अंबेडकरनगर।** श्री रामजानकी मंदिर रामलीला समिति पहितीपुर बाजार की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ मुकुट पूजा से किया गया और नारद मोह,रावण अत्याचार का मंचन किया गया। श्रीराम जानकी मंदिर रामलीला समिति पहितीपुर रियासत से अपनी धरोहर को संजोए हुए अनवरत प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र में पंचम तिथि शुक्ल पक्ष को आपसी सहयोग से चल रही राम लीला में रावण कुंभकर्ण तथा विभीषण की तपस्या नारद मोह सहित विभिन्न लीलाओं का मंचन किया गया। रावण के अत्याचार का मंचन देख दर्शकों की आंखे नम हो गई। ब्रह्मा जी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर तीनों भाइयो से वरदान मांगने को कहा। जिस पर रावण ने अजेय, कुंभकर्ण ने छह माह सोने व छह माह जागने का तथा विभीषण ने प्रभु श्री राम की भक्ति का वरदान मांगा। ब्रह्मा द्वारा अजेय होने का वरदान पाकर रावण अत्याचारी हो गया। वह ऋषि मुनियों, महिलाओं पर अत्याचार करने लगा। उसके अत्याचार से पूरी धरती कांप उठी। देवता व ऋषि उसके अत्याचार से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। जिस पर ब्रह्मा ने कहा कि भगवान विष्णु प्रभु श्री राम के रूप में धरती पर मनुष्य के रूप में अयोध्या में जन्म लेंगे तथा धरती को रावण के अत्याचार से मुक्त कर देवताओं मुनियों का उद्धार करेंगे। समिति के अध्यक्ष संतोष पांडेय,संरक्षक कामता प्रसाद त्रिपाठी, चंद्रभान मिश्रा,संतलाल अग्रहरि,शिवम अग्रहरि,सुरेंद्र शर्मा आदि कलाकारों द्वारा सुंदर व बेहतरीन प्रस्तुति किया गया। इस मोके पर जगदीश प्रसाद धुरिया,अशोक शुक्ला,श्याम सुंदर गुप्ता,अमरजीत वर्मा,राम तिलक ताडमली,रमाकांत मोदनवाल,राजेश साहू,सुरेन्द्र शर्मा,महेश सोनी,विनोद मद्धेशिया,कन्हैया लाल,अजय सेठ,अजीत उर्फ चौथी कनौजिया आदि लोगों की देखरेख में रामलीला का शुभारंभ किया गया।



# शिवपुरा शौकिन बायां सा और बाड़ी रामगढ़ माताजी की हुई अराधना

**अजमेर-पाली**/अजमेर शिवपुरा करनोस धार्मिक शक्तिपीठ शोकिन बायां सा मैथी माई रावत राजपूत धाम पर भी सप्तमी के अवसर पर मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई, एवं माता जी की प्रतिमा को पंचामृत अभिषेक कर सामूहिक मांहा आरती के बाद शाम को श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया, मंदिर ट्रस्ट संस्थान की ओर से कोषाध्यक्ष में मुख्य उपासक जोगेश्वर शौकीन रावत राजपूत ने कन्याओं की पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की इसके साथ ही कुमावतो की ढाणी रामगढ़ बाड़ी करनोस माता जी धाम पर भी मुख्य उपासक बदामी माई कुमावत एवं मुख्य उपासक जोगेश्वर शौकीन रावत राजपूत के सानिध्य में सप्तमी के अवसर पर झंडे चढ़ाकर खीर चूरमा जैसे मीठे व्यंजनों का भोग लगाकर देश से प्रदेश में खुशहाली की कामना की गई



# गांधी जयंती पर एकलव्य स्टेडियम में हुआ खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**अंबेडकरनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर प्रातः 08ऱ00 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। उसके बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर जिला क्रीडाधिकारी श्रीमती शीलाभट्टाचार्या, डा0 एच0पी0 सिंह सचिव जिला ओलम्पिक संघ एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये गये समस्त खिलाड़ियों एवं स्टाफ को मिष्ठान वितरित किया गया।खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार प्रातः 8ऱ30 बजे जिला खेल कार्यालय अम्बेडकरनगर द्वारा एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान मे पुरुष / महिला ओपेन वर्ग में पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 70 बालक एवं 30 बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। दोनों ही वर्गों के प्रथम स्थान से लेकर छठे स्थान तक के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि श्री राजवंश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त खाद्य अधिकारी, क्री?ाधिकारी श्रीमती शीलाभट्टाचार्या एवं डा0 एच0पी0 सिंह, सचिव जिला ओलम्पिक संघ के द्वारा पुरस्कृत किया गया। तदोपरान्त जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 03 किमी0 बालक/बालिका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार वितरित किया गया। उक्त अवसर पर श्रीमती शीला भट्टाचार्या जिला क्री?ाधिकारी, डा0 एच0पी0 सिंह, सचिव जिला ओलम्पिक संघ, फुटबाल प्रशिक्षक श्री देशपाल सिंह, जूडो प्रशिक्षक सुनिल कुमार यादव,आदि।



# टॉपलेस हुई एक्ट्रेस की एक्ट्रेस श्रिया सरन



अजय देवगन की फिल्म दृश्यम में लीड रोल प्ले करने वाली एक्ट्रेस श्रिया सरन ने कातिलाना लुक में तस्वीरें खिंचवाई हैं। साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अजय देवगन की दृश्यम समेत कुछ हिंदी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में का पोस्टर और रिकॉल वीडियो शेयर किया गया है और इसके बाद अब श्रिया सरन ने अपने टॉपलेस फोटोशूट की ये तस्वीरें शेयर की हैं। फोटोज में श्रिया सरन सिर्फ एक साड़ी से खुद को ढकती नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है जो उनके लुक को और भी ज्यादा बोल्ड और दिलकश बना रहे हैं। श्रिया ने बैक साइड से पोज दिया है और कुछ तस्वीरें साइड से भी खिंचवाई हैं। इन फोटोज को शेयर करते हुए श्रिया ने लिखा- साड़ी में बस ऐसी लगती हूं। श्रिया सरन का खुद को साड़ी में दिखाने का ये अंदाज फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रहा है। फोटोज को अभी तक ढाई लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं और कमेंट सेक्शन में तो लोग श्रिया के लुक्स की तारीफें करते नहीं थक रहे। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा- सेक्सी लग रही हो। वहीं दूसरे ने लिखा- पहन लेतीं तो शायद और भी अच्छी लगतीं। बता दें कि श्रिया सरन ने साल 2001 में आई फिल्म के जरिए अपनइ्करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने बेहिसाब तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में काम किया है। हिंदी फिल्मों की बात करें तो श्रिया और जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अब फैंस को उनकी फिल्म का इंतजार है जो 18 नवंबर को रिलीज हो रही है।



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपनी नवरात्रि सेलिब्रेशन लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं जिनमें वह बला की खूबसूरत लग रही हैं। मोनालिसा ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा- शुभ सप्तमी... रंग नारंगी है, जो ऊर्जा से भरा हुआ है और सकारात्मकता से भरा हुआ है। फोटो में

मोनालिसा को इस लुक में दिलकश लुक्स देते देखा जा सकता है।कमेंट सेक्शन में तमाम लोगों ने मोनालिसा के लुक की तारीफ की है। मोनालिसा ने डिजाइनर साड़ी पहनी है और गले में खूबसूरत चोकर पहना हुआ है। हल्की जूलरी के साथ उन्होंने इस लुक को कॉम्पलिमेंट किया है। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली मोनालिसा के सिर्फ इंस्टाग्राम पर 52 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। मोनालिसा अपने फैंस के लिए आए दिन अपनी दिलकश तस्वीरें या रील्स शेयर करती रहती हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो भोजपुरी फिल्मों के अलावा मोनालिसा अपने टीवी शोज के लिए भी सुर्खियों में रही हैं। रियलिटी टीवी शो बिग बॉस का हिस्सा रह चुकीं मोनालिसा नच बलिए और स्मार्ट जोड़ी जैसे रियलिटी शोज में भी नजर आ चुकी हैं।

## 'वो भेड़िया बिग बॉस में जाए और एक-एक रोटी को तरसे'

अब तक राखी सांवत और उनके बॉयफ्रेंड आदिल को आपने लव बर्ड्स कपल की तरह ही मीडिया के सामने बात करते हुए सुना है। लेकिन हाल ही में राखी सावंत ने पैपराजी के सामने आदिल को नल्ला और भेड़िया कहा है। आखिर ऐसा क्या हुआ जो राखी अब तक आदिल से जल्द शादी करने को लेकर बेचैन थी और अब अचानक उनके लिए जहर उगलने लगी। अक्सर कैमरा के सामने आदिल को केयरिंग पार्टनर कहने वाली राखी सावंत ने अपने नए बयान से सबको चौंका दिया है। राखी सावंत का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राखी



पैपराजी से बात करती हुई नजर आ रही हैं। कैमरा के सामने राखी कहती नजर आ रही हैं -'पता नहीं कहां है वो आदिल का बच्चा, नल्ला है वो, मासूम चहरे के पीछे छिपा भेड़िया है।' राखी आगे कहती हैं- 'जब देखो में मेरे साथ चिपक कर खड़ा हो जाता है। मैं चाहती हूं कि आदिल बिग बॉस जाए और एक-एक रोटी को तरसे। वहां जाकर उसे दाल, आटा का भाव पता चलेगा।' राखी कैमरा के सामने एक तरफ तो आदिल की गैर मौजूदगी में उनके लिए जहर उगल रहीं है लेकिन इसके साथ ही डर भी रही हैं कि आदिल को ये सब पता ना चल जाए। ड्रामा क्वीन आदिल के बारे में ये सब बोलकर कैमरामैन से कहती है ये सब उसे मत बताना ठीक है। और फिर वीडियो के अगले भाग में राखी को उनके बयान के बिलकुल उलट व्यवहार करते हुए देखा जा सकता है। आदिल के आते ही राखी का फिर रोमांस शुरू हो जाता है और आदिल से कहती हैं, 'बेबी मैं तुम्हारी तारीफ कर रही थी कि अगर तुम बिग बॉस में जाते हो तो तुम ही विनर होगे।' राखी पैपराजी से फिर कहती हैं कि आदिल को मत बताना जो भी मैंने कहा।



## पीएसआई ने तोड़ा ब्रह्मास्त्र का रिकॉर्ड


मणि रत्नम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। ऐश्वर्या राय स्टारर यह फिल्म तमिल सिनेमा में रिलीज हुई अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग पाने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 80 करोड़ रुपये की कमाई की है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म का फर्स्ट डे कलेक्शन रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म ब्रह्मास्त्र से भी ज्यादा रहा है। बता दें कि ब्रह्मास्त्र ने पहले दिन 75 करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड बिजनेस किया था। पछाड़ते हुए मणि रत्नम की फिल्म बॉक्स ऑफिस की रेस में इस वक्त सबसे आगे खड़ी हुई है। फिल्म को फैंस और क्रिटिक दोनों तरफ से ही पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है और सोशल मीडिया पर हो रही इस फिल्म की तारीफें बाकी लोगों को भी फिल्म देखने जाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। तमिल बॉक्स ऑफिस पर इतनी जबरदस्त ओपनिंग के लिए मेकर्स ने दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। प्रोडक्शन हाउस के आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया, को तमिल सिनेमा पर अभी तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दिलाने के लिए आप लोगों का शुक्रिया। मालूम हो कि फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार था और यह फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई थी। फिल्म में ऐश्वर्या राय का कमबैक भी लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इस फिल्म के जरिए ऐश्वर्या राय ने पूरे चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है। पिछली बार वह साल 2018 में आई फिल्म फन्ने खां में नजर आई थीं। क्क्1 की बात करें तो इस फिल्म में ऐश्वर्या राय के अलावा ने महत्वपूर्ण किरदार निभाए हैं। फिल्म को जबरदस्त ओपनिंग मिली है और माना जा रहा है कि फर्स्ट वीकेंड का रिकॉर्ड भी कई फिल्मों को पीछे छोड़ देगा।

## सम्पादकीय

### कुछ देर से 5जी

अलग-अलग चरणों में सफल प्रयोगों के बाद भारत में पांचवीं पीढ़ी की वायरलेस दूरसंचार सेवा की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इस सेवा की विधिवत शुरुआत कर दी है और अपना देश संचार के नए युग में प्रवेश कर गया है। मोटे तौर पर इंटरनेट सेवा की रफ्तार कम से कम दोगुनी हो जाएगी। भारती एयरटेल ने बाजी मारते हुए दिल्ली, मुंबई, वाराणसी और बेंगलुरु सहित आठ शहरों में 5जी सेवाएं शुरू की है। प्रतिद्वंद्वी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अगस्त में ही कह दिया था कि वह दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों में दिवाली तक और अगले साल दिसंबर तक पूरे भारत में अपनी 5जी सेवाओं को शुरू करने के लिए 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जाहिर है, 5जी सेवाओं का भारत में अगले साल ठीक-ठाक प्रसार हो जाएगा। अगले साल बाकी दूरसंचार कंपनियों को भी 5जी सेवा के साथ मैदान में उतरना होगा। आज डाटा और तेज नेटवर्क की जरूरत तेजी से बड़ रही है, लोग नहीं चाहते कि नेटवर्क में किसी तरह की बाधा रहे या किसी फोटो या वीडियो को देखने के लिए सेकंड भर भी इंतजार करना पड़े। वैसे, हमें ध्यान रखना चाहिए कि 5जी सेवा के मामले में भारत कुछ पिछड़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक लगभग 70 देशों में 5जी नेटवर्क शुरू हो गया था। साल 2020 के मध्य तक 38 देशों में 5जी की पहुंच हो गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि कोरोना महामारी की वजह से भी विलंब हुआ है। दुनिया में 5जी की शुरुआत को चार साल भी नहीं हुए हैं, लेकिन इस साल के अंत तक 5जी सेवा की पहुंच एक अरब से ज्यादा लोगों तक हो जाएगी। एक अरब 4जी यूजर्स तक पहुंचने में चार साल लग गए थे और एक अरब 3जी यूजर्स तक पहुंचने में 12 साल लगे थे। मतलब अब दुनिया में नई तकनीक का प्रसार काफी तेजी से होने लगा है। अमेरिका और यूरोप 5जी सेवा में सबसे आगे हैं। हालांकि, दक्षिण कोरिया वह देश है, जिसने सबसे पहले 5जी नेटवर्क को तैनात किया था। उम्मीद है, 2025 तक, दक्षिण कोरिया में लगभग 60 प्रतिशत मोबाइल धारक 5जी सेवा ले रहे होंगे। भारत में देरी हुई है, उसके लिए पूर्व में हुआ भ्रष्टाचार, नौकरशाही की उदासीनता और अनावश्यक मंजूरी प्रक्रियाएं जिम्मेदार हैं। अभी भी इस दिशा में बहुत कुछ करने की जरूरत है। जब तमाम सेवाओं का ऑनलाइन होना अनिवार्य हो गया है, तब तेज नेटवर्क की अनिवार्यता निर्विवाद है। डाटा को तेजी से साझा करना, परस्पर जोड़ना और सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी 5जी की सहायक भूमिका होगी। 5जी सेवाओं से स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा से लेकर कृषि और आपदा निगरानी तक सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आना तय है। हम सब जानते हैं कि वर्क फ्रॉम होम को तेज इंटरनेट ने ही साकार किया है, वरना किसने सोचा था कि घर बैठकर भी दफ्तर के सारे काम हो सकते हैंड़ 4जी सेवा का कमाल हम देख चुके हैं और अब 5जी की बारी है। चलते-फिरते कहीं से भी काम आसान हो जाए, कोई ऐसी जगह शेष न रहे, जहां नेटवर्क की पहुंच न हो। अभी भी कई स्थान शहरों में ऐसे हैं, जहां कमजोर नेटवर्क की शिकायत है। कहीं कॉल में भी परेशानी होती है, तो कहीं डाटा नेटवर्क बाधित हो जाता है। 4जी के समय में 2जी की गति वाले इलाके भी हैं और दूरसंचार क्षेत्र में सेवा भी विगत महीनों में महंगी हुई है। मतलब, जरूरी है कि कोई सेवा केवल कागज पर न रहे, जमीन पर भी उतरे।

## राशिफल



मेष-धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। मन धार्मिक बना रहेगा। स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार है। प्रेम और संतान की स्थिति थोड़ी बेहतर कही जाएगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से थोड़ा मध्यम समय है। हरी वस्तु का दान करें।

वृषभ-परिस्थितियां प्रतिकूल बनी हुई हैं। चोट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम, संतान की स्थिति सुधर चुकी है। व्यापार भी पहले से सही दिख रहा है। पीली वस्तु का दान करें।

मिथुन-स्वास्थ्य पहले से सुधर चुका है। प्रेम, संतान की स्थिति अभी भी मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ समय है। जीवनसाथी का पूरा-पूरा सानिध्य मिलेगा। जीवन में तरक्की करते दिख रहे हैं। भगवान विष्णु की अराधना करते रहें।

कर्क-कुछ गहरा मंथन करते दिख रहे हैं। गूढ़ ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य नरम, गरम बना रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति काफी अच्छी है। व्यापार भी आपका सही दिख रहा है। लाल वस्तु पास रखें।

सिंह-भावुक मन किसी से झगड़ा कर सकता है। वो कोई और नहीं होगा अपना होगा। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं का संकेत है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय है। स्वास्थ्य ठीक-ठाक है। प्रेम और संतान थोड़ा मध्यम है। व्यापार अच्छा दिख रहा है। पीली वस्तु पास रखें।

कन्या-भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। रक्तचाप थोड़ा अनियमित हो सकता है। हालांकि स्वास्थ्य में सुधार शुरू हो चुका है। प्रेम, संतान मध्यम है। व्यापार भी रुक-रुक कर चलता रहेगा। पीली वस्तु का दान करें।

तुला-पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम, संतान की स्थिति भी थोड़ी नरम है। व्यापार आपका सही चलता रहेगा। आर्थिक स्थिति सुधार की ओर जा रही है। पीली वस्तु का दान करें।

वृश्चिक-वाणी के कारण अपनों में विवाद की आशंका है। निवेश के कारण धनहानि भी हो सकती है। हालांकि धन का आवक बढ़ेगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान भी मध्यम से उत्तम की ओर है। व्यापार सही चलता रहेगा। पीली वस्तु पास रखें।

धनु-सितारों की तरह चमकते रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। समाज में सराहे जाएंगे आप। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार भी बहुत अच्छा है। पीली वस्तु पास रखें।

मकर-मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय भी सताएगा। स्वास्थ्य नरम-गरम है। प्रेम-संतान भी मध्यम है। व्यापार थोड़ा मध्यम है। मध्यम समय का सामना करना पड़ेगा। मां काली की अराधना करते रहें।

कुंभ-आर्थिक मामले सुलझेंगे। यदि कहीं से रुपए-पैसे मांगने हों, निकालने हों, फंसे हुए हों। प्रयास करें निकल जाएंगे। यात्रा में लाभ संभव है। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम बनी रहेगी। गणेश जी की अराधना करें। हरी वस्तु पास रखें।

मीन-कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य सुधार की ओर है। प्रेम-संतान पहले से बेहतर है।

# क्या त्योहारी मौसम में सुधरेगा बाजार

बाजार में माल कम हो और मांग ज्यादा, तो कीमतें बड़ती हैं। मांग कम हो, तो बाजार में माल सप्लाई करने वालों का कारोबार मुश्किल में आ जाता है। कम माल बनाने पर बहुत से कारखानों के लिए लागत निकालना टेड़ी खीर हो जाती है। इसका नतीजा यह होता है कि वे माल बनाना बंद कर देते हैं या फिर कम कर देते हैं। हालात ज्यादा बिगड़े, तो यही पूरे देश में मंदी का कारण बन जाता है। मुसीबत और बड़ी हो जाती है, जब महंगाई और मंदी का खतरा एक साथ खड़ा हो जाए। इसी को 'स्टैगफ्लेशन' कहा जाता है। 'स्टैगनेशन' यानी ठहराव और 'इंफ्लेशन' यानी महंगाई की जुगलबंदी। आज इस पर बात करने की वजह यह है कि पिछले कई महीनों से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इसी जुगलबंदी की आशंकाएं पैदा होती दिख रही हैं। यह आशंका भी बड़ती जा रही है कि दुनिया गंभीर आर्थिक मंदी की चपेट में आ रही है। बताया जाता है कि इस आशंका की बड़ी वजह कोरोना के बाद दुनिया भर में लगे लॉकडाउन और उसके कारण कारोबार के नट-बोल्ट का ढीले हो जाना है। यूक्रेन पर रूस का हमला इस बीमारी को बड़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हालांकि, विद्वान बीमारी की जड़ कहीं और मानते हैं।



PRAVEEN KHANNA

वर्ष 2008 में सितंबर का महीना था, जब दुनिया के सबसे बड़े इन्वेस्टमेंट बैंकों में से एक लेहमन ब्रदर्स ने दिवालिया होने का एलान किया और पूरी दुनिया की वित्तीय व्यवस्था को एक तगड़ा झटका दिया। इसके बाद के घटनाक्रम को ही 2008 के वित्तीय संकट के रूप में जाना जाता है। इस एलान के पहले और बाद के करीब दो साल के दौरान अमेरिकी शेयर बाजार में सात लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। बेरोजगारी दर में खतरनाक उछाल आई और वह 10 प्रतिशत पर पहुंच गई। सिर्फ अमेरिका में घरों की कीमत और लोगों के पेंशन-खातों में जमा रकम में आई गिरावट का आंकड़ा करीब 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया था। इसी का असर था कि दुनिया भर के ज्यादातर शेयर बाजार गश खाकर गिरते जा रहे थे। हालांकि, बाद में बाजार सुधर गए और मकानों की कीमतें भी बड़ने लगीं, लेकिन जिन लोगों की जिंदगी पटरी से उतर चुकी थी, उनकी मुसीबतें आज तक खत्म नहीं हुई हैं। चर्चित रेटिंग एजेंसी मूडीज ने हिसाब जोड़ा कि दुनिया की जीडीपी को लगभग चार प्रतिशत का झटका इस आर्थिक संकट की वजह से लगा, यानी लगभग दो लाख करोड़ डॉलर की चपत। भारत इस संकट से करीब-करीब अछूता रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह बताई जाती है कि तमाम लालच और दबाव के बावजूद रिजर्व बैंक के तत्कालीन गवर्नर वाई वी रेड्डी ने भारतीय बैंकों को एक हद से ज्यादा जोखिम उठाने का मौका ही नहीं दिया। आज की तारीख में भी सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और चीन जैसे देश मंदी की चपेट में जाते हुए दिख रहे हैं, तो भारत कैसे और कब तक इस खतरे से बचा रह सकता है। सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि साल 2008 के मुकाबले आज भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार दुनिया के दूसरे बाजार से काफी ज्यादा जुड़े हुए हैं। रिजर्व बैंक अमेरिका और यूरोप के केंद्रीय बैंकों के साथ कदमताल करते हुए ब्याज दरें लगातार बड़ा रहा है। दुनिया भर के बड़े शेयर बाजारों के साथ ही पिछले एक हफ्ते में भारत का शेयर बाजार लगभग 10 प्रतिशत गिर चुका है और डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट लगातार जारी है। महंगाई के मोर्चे पर दावा जो भी किया जाए, मगर सच यही है कि लंबे समय से खुदरा महंगाई की दर रिजर्व बैंक की तय सीमा से ऊपर चल रही है। ऐसे में, चिंता स्वाभाविक है। खासकर यह देखते हुए कि एक के बाद एक आर्थिक विशेषज्ञ और संस्थाएं अमेरिका में गहरी और लंबी मंदी की भविष्यवाणी कर रहे हैं। ब्रिटेन की नई सरकार ने करों में कटौती और बाजार से बॉन्ड खरीदने के जो एलान किए हैं, उनसे वहां हालात सुधरेंगे या और बिगड़ेंगे, यह सवाल बना हुआ है। चीन एक बड़े आर्थिक संकट के मुहाने पर है, जिसमें अब कोई शक नहीं है। हालांकि, तमाम ब्रोकरेज और रेटिंग एजेंसी यह कह चुकी हैं कि भारत के लिए खतरा उतना बड़ा व गंभीर नहीं है, बल्कि इसमें उसके लिए एक बड़ा मौका भी हो सकता है। उनका कहना है कि विकसित देशों से परे विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में पैसा लगाने के लिए इस वक्त भारत से बेहतर कोई जगह नहीं दिखती। फिर भी, पिछले कुछ दिनों में जिस तेजी से हालात बिगड़ रहे हैं, उनमें भारत की अर्थव्यवस्था पर मंडराते खतरे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिजर्व बैंक ने अगले साल जीडीपी में वृद्धि का अनुमान घटा दिया है। महंगाई के मोर्चे पर भी उसे कोई राहत मिलने के आसार सिर्फ तब दिखते हैं, जब कच्चे तेल के दामों में गिरावट जारी रहे। उधर दिग्गज ब्रोकरेज सीएलएसए ने एक ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि भारत और दुनिया के बाजार में संबंध विच्छेद या 'डी-कपलिंग' तो दिख रही है, पर हालात नाजुक हैं। उसने तो आशंका जताई है कि भारत के शेयर बाजार में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

**आज इस पर बात करने की वजह यह है कि पिछले कई महीनों से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इसी जुगलबंदी की आशंकाएं पैदा होती दिख रही हैं। यह आशंका भी बड़ती जा रही है कि दुनिया गंभीर आर्थिक मंदी की चपेट में आ रही है। बताया जाता है कि इस आशंका की बड़ी वजह कोरोना के बाद दुनिया भर में लगे लॉकडाउन और उसके कारण कारोबार के नट-बोल्ट का ढीले हो जाना है। यूक्रेन पर रूस का हमला इस बीमारी को बड़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हालांकि, विद्वान बीमारी की जड़ कहीं और मानते हैं।**

# तालिबान ने हमें फिर से शरणार्थी बना दिया

कहीं पड़ा था- तानाशाह सबसे ज्यादा स्कूलों और किताबों से डरते हैं, क्योंकि पड़े-लिखे लोग सवाल उठाना सीख जाते हैं। इसकी ताजा मिसाल अफगानिस्तान है, जहां के तालिबानी निजाम के खिलाफ वहां की तालीमयाफ्ता औरतों ने मोर्चा खोल रखा है और दुनिया के अलग-अलग खित्तों से अपने हक-हुकूक के लिए उस पर दबाव बनाए हुए हैं। इन्हीं औरतों में से एक हैं वहीदा अमीरी। उत्तरी अफगानिस्तान में एक सूबा है पंजशीर घाटी। वहीदा मूलतः इसी घाटी से आती हैं। वहीदा ने जब होश संभाला, तालिबान अपने उरुज पर थे। तत्कालीन सोवियत सेनाएं काबुल से विदा हो चुकी थीं और कट्टरपंथी तालिबान का शिकंजा उसके गोशे-गोशे पर कसता जा रहा था। खासकर लड़कियों और औरतों के लिए मुश्किलें बड़ चुकी थीं। वह साल 1996 था। वहीदा ने तब स्कूल जाना शुरू ही किया था। एक दिन नए निजाम का फरमान आ गया- लड़कियों के तमाम स्कूल बंद किए जाते हैं। वहीदा तब यह समझ ही नहीं पाई कि आखिर लड़कियों को क्यों नहीं स्कूल जाना चाहिएड़ तालिबानी लड़ाकों की बड़ती ज्यादतियों को देखते हुए वहीदा का पूरा कुनबा काबुल से भागकर पंजशीर घाटी के पुश्तैनी घर में चला गया, मगर उनके वालिद ने काबुल में ही रहने का फैसला किया। वे बेहद कठिन दिन थे। ऐसा महसूस होता, जैसे वक्त ने अफगानी लड़कियों की जिंदगी से बचपन के सारे हर्फ मिटा दिए हैं। तालिबान ने जो आजादी उन सबसे छीनी थी, उसके गम को अम्मी के अचानक इंतकाल ने वहीदा के लिए और बोझिल बना दिया। माएं बेटियों के सारे गम जो बांट लिया करती हैं।

इसके बाद के साल तो किसी अजाब से कम न थे। पिता ने दूसरी शादी कर ली थी और वहीदा का परिवार मुल्क छोड़ किसी तरह पाकिस्तान भाग आया था। अब तो घर के सारे कामकाज वहीदा के कंधों पर आ गए थे। खाना पकाने, कपड़े धोने से लेकर घर की साफ-सफाई में उनकी सुबह-शाम गर्क होने लगी थी। वहीदा किसी से क्या शिकायत करतीं, शरणार्थी अफगान बच्चियों की जिंदगी इससे जुदा न थी। उन्होंने सब्र कर लिया था कि जीवन आगे भी यही सब करते बीतना है। एक दिन वहीदा ने टेलीविजन पर दो गगनचुंबी इमारतों से विमानों के टकराने और उनके जमींदोज होने का



मंजर देखा। 11 सितंबर को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए उस हमले से पूरी दुनिया सिहर उठी थी। जो हो गया था, और जो अब होने वाला था, उसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। तब वहीदा को भी कहां इलहाम था कि इस एक वाकये से आम अफगानियों की जिंदगी में क्या कुछ बदलने जा रहा हैड़ अमेरिकी हमलों में तालिबान के पस्त होने के बाद भी वहीदा का परिवार वतन वापसी से पहले पूरी तरह मुत्मइन हुआ कि कहीं फिर से शरणार्थी बनने की नौबत तो नहीं आएगी। वहीदा जब काबुल लौटीं, तब उनकी उम्र 15 साल हो चली थी। काबुल की फिजाओं में बदलाव की खुनक साफ-साफ महसूस की जा सकती थी। बच्चियों के कंधों पर बस्ते लौट आए थे, औरतें नौकरी पर जा सकती थीं। लेकिन वहीदा के लिए बहुत कुछ नहीं बदला था, क्योंकि उनके परिवार को लगता कि किताबी इल्म से ज्यादा घरदारी में सुघड़ होना अब उनके लिए ज्यादा जरूरी है। करीब पांच साल बाद, यानी उम्र के 20वें पड़ाव पर रिश्ते के एक भाई ने पड़ाई के प्रति वहीदा की ललक देख उनका दाखिला स्कूल में करा दिया। यह सफर आसान न था। एक तरफ, घर की जिम्मेदारियां थीं और दूसरी ओर, इम्तिहानों का भारी दबाव। वह फेल हो-होकर पड़ती, पास होती गईं और फिर उनकी जिंदगी में एक चमत्कारिक मोड़ आया, जब कानून में ग्रेजुएशन की पड़ाई के लिए यूनिवर्सिटी ने उनकी दरख्वास्त कबूल कर ली। कहां एक सीधी-सादी घरेलू लड़की और कहां बेबाकी व बहादुरी भरे पेशेवर विषय का चुनाव! मगर अ रूम ऑफ वन्स ओन के जरिये वर्जीनिया वूल्फ से मुलाकात ने वहीदा के भीतर एक मजबूत औरत को तराश दिया। इसके बाद तो उन्हें जैसे पड़ने की लत लग गई। किताबों की दुनिया ने उन्हें साहसी बना दिया। साहस के इस मंत्र को दूसरी अफगानी औरतों में बांटने के इरादे से कानून में स्नातक वहीदा ने काबुल के मध्यवर्ती इलाके में एक पुस्तकालय शुरू किया था, जहां बड़ी संख्या में लोग आने लगे थे। करीब पांच हजार किताबों वाले इस पुस्तकालय में लड़कियों की आमद से उन्हें बहुत सुकून मिलता था। लेकिन पिछले वर्ष अगस्त में तालिबान फिर सत्ता में आ गए। 'दोहा करार' में किए गए वादे के उलट वे औरतों को नौकरी करने देने से मुकर गए और बच्चियों के स्कूल बंद करने का भी फरमान जारी कर दिया। वहीदा और हमख्याल औरतों को यह मंजूर न था। उन्होंने सड़क पर उतरकर इसका शांतिपूर्ण विरोध किया। संगीनधारी तालिबानी लड़ाकों की आंखों में आंखें डाल वहीदा ने कहा- 'हम औरतें भी इंसान हैं। हमारा भी बराबरी का हक है!' तालिबान ने डराने के लिए हवा में गोलियां दागीं, कुछ औरतों के साथ मारपीट भी की गई। इसके बाद ज्यादातर प्रदर्शनकारी औरतों ने बाहर आने से मना कर दिया, पर वहीदा नहीं डरीं। वह विरोध प्रदर्शन आयोजित करती रहीं। अंततः फरवरी 2022 में उन्हें चंद प्रदर्शनकारी ्त्ररयों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में सभी औरतों को छोड़ दिया गया, मगर वहीदा कैद में ही रहीं। रिहा करने से पहले उनसे जबरन यह बयान लिया गया कि विदेश में रह रहे अफगानियों ने उन्हें उकसाया था और आगे से वह विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगी। बड़े भारी मन से काबुल छोड़कर वहीदा अब पाकिस्तान आ गई हैं। उन्हें मलाल है कि एक लाइब्रेरियन से वह फिर शरणार्थी बन गईं। मगर अब वह दुनिया भर के प्रभावशाली मंचों पर अफगानी औरतों के हक की जंग लड़ रही हैं।

# हम सब नर या नारी नहीं, नागरिक हैं

परिषद के समक्ष यह प्रस्ताव रखते हुए सर्वप्रथम मैं चाहता हूं कि मेरी इस बात को समझ लिया जाए कि यह संशोधन केवल भाषा में सुधार करने का प्रयत्न ही नहीं है। मैं स्वयं को अंग्रेजी भाषा का प्रमाणित विद्वान नहीं कहता और इस भाषा की विशेष रचना शैली के रहस्यों में तो मैं और भी कम प्रवीण हूं। मैं इस मामले को व्यावहारिक ज्ञान के दृष्टिकोण से ही देखता हूं। इस खंड में 'नागरिकों' शब्द का जिस प्रकार प्रयोग हुआ है, उस रूप में यह इतना समूह वाचक है कि मुझे भय है, इस शब्द का व्यक्तिवाचक आशय दृष्टि से लोप हो जाना अति संभव है। अतः मैं 'नागरिकों' शब्द के स्थान पर 'प्रत्येक नागरिक' शब्द रखने का प्रस्ताव रख रहा हूं, ताकि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आजीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार होगा। मेरे संशोधन से व्यक्तिवाचक आशय अधिक अच्छी तरह व्यक्त होता है। यही भाषा बाद में इसी अध्याय के एक अनुच्छेद में, जिसमें प्राथमिक शिक्षा के अधिकार की चर्चा की गई है, प्रयुक्त हुई है, अतः मैं कोई नवीन शब्द का सुझाव नहीं दे रहा हूं, जो मसविदा लेखक की शब्दावलि में स्वीकार न किया गया हो। ...इस शब्द को समूहवाचक अर्थ में लें, तो इससे अंत में सामान्य (औसत) नागरिक की समृद्धि के लिए अनिश्चित आशा ही व्यक्त होगी। औसत का नियम बहुत धोखे में डालने वाला नियम है और इससे आपको एक ऐसा संतोष सा हो जाता है, जिसका वास्तव में कोई आधार नहीं होता। मेरी यह इच्छा नहीं है कि इस वाद-विवाद को ऐसा बना दूं कि परिषद् का मनोरंजन करने की योग्यता का छिछला प्रदर्शन करने लगूं, पर मैं परिषद् को यह बताए बिना नहीं रह सकता कि एक यंत्र के समान काम करने वाले अंक-विशेषज्ञ के बुद्धि चातुर्य से औसत के नियम को कैसे बिगाड़ा जा सकता है और ऐसा परिणाम निकाला जा सकता




है, जो यथार्थता के सर्वथा प्रतिकूल हो। उदाहरण के लिए, क्या मैं निवेदन करूं कि मैंने एक महिलाश्रम की कहानी सुनी है। जब महिलाश्रम के प्रबंधकों को पता चला कि आश्रम की दस ल?कियों में से एक ल?की ने स्पष्टतः दुराचरण किया है, तो ग?ब? हुई और मामले की जांच करने और अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए एक अंक विशेषज्ञ बुलाया गया। उसने आश्रम की महिलाओं के विषय में प?ताल की और अपनी प्रसिद्ध रिपोर्ट पेश की, जिसमें उन्होंने बताया कि आश्रम की प्रत्येक महिला 90 प्रतिशत शुद्ध है तथा दस प्रतिशत गर्भवती है। इस बयान में उन्होंने केवल औसत के नियम का इस्तेमाल किया। मैं नहीं जानता कि इसको अच्छी तरह समझा गया है या नहीं कि विशेषज्ञ इस प्रकार के परिणामों पर पहुंच सकते हैं; और क्योंकि मैं नहीं चाहता कि हमारे विधान से हम इस विशेष प्रकार की पूर्णता प्राप्त करें, अतः मैं 'नागरिकों' शब्द के स्थान पर 'प्रत्येक नागरिक' शब्द रखना चाहता हूं, जिससे इस विषय में कोई संदेह का प्रश्न ही न रहे।

मैं समान रूप से 'नर और नारी' इन शब्दों को हटा देने का जो प्रस्ताव कर रहा हूं, उसका एक कारण और है। मेरे विचार में इसमें ऐसी पर्याप्त भावना है कि पुरुष महिलाओं के आश्रयदाता हैं। कोई कारण नहीं है कि पुरुष यह सोचे कि वह महिलाओं के बराबर है, उनसे उच्चतर होना तो दूर रहा। ...मेरे ख्याल में पुरुषों का महिलाओं के आश्रयदाता होने का यह दिखावा, कि जैसे हम उन्हें कोई विशेष अधिकार प्रदान कर रहे हैं, विधान से निकाल देना चाहिए। नागरिक नागरिक है, चाहे उसकी आयु, लिंग या मत कुछ हो और यह विधान द्वारा स्वीकृत मूल सिद्धांत है, इसलिए मुझे कोई कारण दिखाई नहीं देता कि हम 'समान रूप से नर और नारी' क्यों कहें, जैसे कि हमने नर और नारियों को समान अधिकार देने की कृपा की है, विशेषतः जबकि वे अधिकार भी निदेशक ही हैं और इनको तत्काल कार्यान्वित करना भी आवश्यक नहीं। इन कारणों से, मेरा सुझाव है कि इस संशोधन को केवल शाब्दिक संशोधन नहीं समझना चाहिए, अपितु आशय संबंधी संशोधन समझना चाहिए और मुझे विश्वास है कि जो इस विधान को परिषद् में रख रहे हैं, वे इस संशोधन को स्वीकार कर लेंगे।

# रिश्ते को कंलकित कर दुष्कृत्य करने वाले कलयुगी बाप को दोहरा अजीवन कारावास

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

पन्ना/विशेष न्यायाधीश (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) जिला पन्ना के न्यायालय में आरोपी शरीफ (परिवर्तित नाम) उम्र-43 वर्ष थाना-धरमपुर पन्ना को न्यायालय ने दोषी पाते हुए धारा 376(2)(च), 376(2)(ढ), 506 भाग दो भादसं. क आरोप में क्रमशः आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवनकाल तक), आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवनकाल तक), 02 वर्ष का कठोर कारावास, एवं अर्थदण्ड क्रमशः 5 हजार, 5 हजार,1 हजार का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। शासन का पक्ष विशेष लोक अभियोजक/वरिष्ठ सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमार खरे द्वारा की गई है। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 22.04.2019 को अभियोक्त्री ने थाना धरमपुर में इस आशय का लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुकत किया कि उसकी शादी दो वर्ष पहले नरैनी में हुई थी पति बम्बई में काम करते है पति मुझे 10.04.2019 को ससुराल से मायके छोड गये थे उसके (पीडिता) पिता शरीफ (परिवर्तित नाम) ने जब उसकी मां चाची को लेकर अस्पताल गई थी तो पीडिता व उसके पिता घर में थे दिनांक 20.04.2019 के रात्रि करीब 11.30 बजे पिता द्वारा उसके साथ गलत काम (बलात्कार) किया पीडिता द्वारा विरोध किया गया। इसके पहले पिता द्वारा पूर्व में भी कई बार पीडिता के साथ गलत काम (बलात्कार) किया गया। दिनांक 12.04.2019 को पति को मोबाइल से बताया था तब पति द्वारा बोला गया कि यदि अब ऐसी घटना हो तो फोन से रिकार्ड (सीडी बना) कर लेना तब उसके द्वारा दिनांक 20.04.2019 को रात्रि में मोबाइल से पिता द्वारा उसके साथ गलत काम करने का वीडियो बना लिया था और पति से सारी बात बता दी थी और वीडियो पति को भेज दिया था तब पति के आने पर उसके साथ थाना धरमपुर में अपराध क्र. 68/19 पर धारा 376 (1) 506 भादवि एवं धारा 6, 5 पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात् मामला माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समस्त गवाह एवं सबूतो के आधार पर आरोपी पिता को माननीय विशेष न्यायधीश द्वारा अजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया।

# लीनेस क्लब पन्ना द्वारा मनाया गया बाल दिवस



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

पन्ना/लीनेस क्लब पन्ना की बहनों द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप मे धूम धाम के साथ मनाया गया। श्री नेहरू का जन्म 1889 मैं 14 नवंबर के ही दिन हुआ था और वे बच्चों से बेहद लगाव रखते थे। ऐसे में इसे ध्यान में रखते हुए चाचा नेहरू के जन्मदिवस को भारत देश में बाल दिवस के रूप में प्रति वर्ष मनाया जाता है। लीनेस क्लब की बहनों को यूरो किड्स स्कूल में जजमेंट के लिए आमंत्रित किया गया था। जहां छोटे-छोटे, प्यारे-प्यारे बच्चे अनेकानेक वेशभूषा में आए और बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया क्लब की बहनों ने सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय को अवार्ड देकर सम्मानित किया। जिसमें सभी बहने उपस्थित रही अध्यक्ष-रचना पाट्कर, सचिव-किरण सिंह, कोषाध्यक्ष-संगीता राय, राखी पाट्कर, रानू त्रिपाठी, शिखा पांडे, अमिता तिवारी शालिनी जयसवाल साधना पाट्कर, उषा मिश्रा, श्वेता गुप्ता, डॉक्टर भारती खरे, निधि पटेरिया, मनीषा दीक्षित, अंजलि गोस्वामी आदि।

# रुकमणी विवाह में निकली भव्य बरात

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**





पन्ना/शहर के श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में श्री जुगल किशोर जी मित्र मंडली द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को आचार्य कमल नयन जी महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीदृ'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। बड़ा विस्मय हुआ माता को श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है।

# शाहनगर में दोहरे हत्या कांड से मची सनसनी लापरवाह पुलिस बारह घंटे बाद पहुंची

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**

पन्ना/शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम बीजाखेड़ा मे किन्ही अज्ञात कारणो के चलते एक वृद्ध दंपत्ति की निर्मम हत्या कर देने का मामला सामने आया है, जिसके संबंध में बताया जाता है कि मृतक दरबेश शाह पिता निजाम शाह, और उसकी धर्म पत्नी रैन बाई उम्र 70 वर्ष के लगभग, बीजाखेडा स्कूल के समीप स्थित साई मोहल्ला में रहते थे, जिनको बीती दरमियानी रात्रि किसी अज्ञात हत्यारो ने हत्या कर दी। जिनकी लाश आज 15 नवंबर को घर के बाहर आंगन में पडी मिली दोहरे हत्याकांड से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। लेकिन शाहनगर की लापरवाह पुलिस सूचना मिलने के बावजूद घंटो इंतजार के बाद घटना स्थल पंहुची। जिनके द्वारा मामले पर पंचनामा कार्रवाई कर मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है, बताया जाता है कि इस दोहरे हत्याकांड की जांच के लिए विशेष वैज्ञानिक परीक्षण तथा डॉग स्क्वाड टीम को बुलाया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है, अभी तक पुलिस की लापरवाही के चलते म्रतको का पोष्ट मार्टम भी नही हुआ है।



# देवेन्द्र नगर पुलिस ने पचपन लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टूडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर**




पन्ना/प्रदेश स्तर में चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना धर्मराज मीना द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को अवैध शराब की बिक्री परिवहन, निर्माण एवं भण्डारण करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये थे। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं एसडीओपी पन्ना बहादुर सिह बरीबा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पाण्डेय द्वारा अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर को सूचना दी गई कि कल्लूलाल आदिवासी पिता दसईया आदिवासी उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम झिर बड़ागांव थाना देवेन्द्रनगर एक व्यक्ति झिर बंधा पास बडागांव में अवैध शराब निर्माण कर रहा है। मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर रेड कार्यवाही की गई तो आरोपी के कब्जे से कुल 55 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती करीबन 11 हजार रूपये तथा शराब निर्माण करने के उपकरण पुलिस टीम द्वारा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्र 417/2022 पंजीबद्ध किया गया है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरी शक्ति प्रकाश पाण्डेय, प्र.आर. संदीप तिवारी, आर. रामकरण प्रजापति, भरत पाण्डेय, चालक आरक्षक धर्मेन्द्र द्विवेदी, आरक्षक जीतेन्द्र अचाले का सराहनीय योगदान रहा।

# तीन दिवसीय भारत जोडो उपयात्रा सफल संपन्न

## छतरपुर जिला समन्वयक को ध्वज सौपा

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**





पन्ना/कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा कन्या कुमारी से कशमीर तक भारत जोडो यात्रा निकाली जा रही है। जिसका उद्देश्य सभी वर्ग, धर्म, जाति, संम्प्रदाय के लोगो को एक जुट करके देश के विकास के लिए कार्य करना है। जबकी वर्तमान समय मे देश को तोडने का कार्य किया जा रहा है तथा बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान है। इसी उद्देश्य को लेकर यह यात्रा निकाली गई है, भारत जोडो यात्रा को सफल बनाने तथा पार्टी कार्यकर्ताओं मे जागरूकता लाने एवं आम जनता से सीधे जुडने के लिए प्रदेश मे उपयात्राए निकाली जा रही है। इसी कडी मे सिंगरोली से भारत जोडो उपयात्रा सतना पहुंची। सतना से उपयात्रा का पन्ना मे प्रवेश हुआ, उक्त उपयात्रा का जिले मे तीन दिन भ्रमण हुआ, जिसमे तीसरे दिन अजयगढ जय स्तंभ चौक से ध्वज सेवा दल के कार्यकर्ताओं द्वारा लेकर यात्रा प्रारंभ की गई तथा यात्रा को जिला समन्वयक दिव्यारानी सिंह ने ध्वज बंधन करके प्रारंभ किया। यह यात्रा अजयगढ से कुअरपुर, बनहरी, झिन्ना, सबदुआ होते हुए मडला पहुंची, मडला मे जिले की सीमा पर संविधान तथा ध्वज को छतरपु जिले के जिला समन्वयक आबिद सिद्दकीय एवं राजनगर विधायक विक्रम सिंह नाती राजा को सौपते हुए यात्रा को छतपुर के लिए रवाना किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक श्रीमती दिव्यारानी सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीबो, दलिता, किसानो, अनाथो तथा सभी वर्गो एक साथ लेकर काम किया है। मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, के खिलाफ हमेशा लडाई लडी जायेगी तथा जिले मे लगातार उपयात्राए चलती रहेगी। उन्होने कहा कि तीन दिवसीय यात्रा को सफल बनाने लिए सेवादल की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा साथ ही सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक जुट हो कर यात्रा को सफल बनाया जिसके लिए मै सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, आमजनता का अपनी और से आभार व्यक्त करती हूँ, तथा इसी प्रकार आगें भी सहयोग करने की अपेक्षा करती हूँ। अजयगढ से मडला तक चली पदयात्रा मे भारी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहें। जिसमे मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती शारदा पाठक, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी, केशव प्रताप सिंह, दीपचंद्र अग्रवाल सेवादल अध्यक्ष राम बहादुर पुरुषोत्तम पिड़हा, एडवोकेट अरविन्द खरे, मनोज सेन, अंकित शर्मा, वैभव थापक, धूराम, अशरफ खान शेख मोहम्मद प्रेम नारायण यादव, सफी चाचा, पूर्व विधायक फुंदर चौधरी, मुकेश जैन, शिवजीत सिंह, मार्तंड सिंह बुंदेला, रामा बुंदेला, पुष्पेंद्र सिंह परमार, शशीकांत दिक्षित, अंकित शर्मा, सौरभ पटेरिया, जीवनलाल सिद्धार्थ, सेवालाल पटेल, संजय पटेल, भरत मिलन पांडेय पूर्व जनपद अध्यक्ष, जुबेर खान, डीके दुबे, नरेंद्र सिंह परिहार, मृगेंद्र सिंह गहरवार, जगतपाल सिंह, मनोज सेन, श्रीमती अनुपमा खरे, अबरार खान, राकेश शर्मा, राकेश गर्ग, शंकर द्विवेदी, अक्षय तिवारी, पवन जैन, रेहान मोहम्मद, रियासत खान, सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास पुराना पन्ना में मनाया गया पण्डित नेहरू जी का जन्म दिवस

**पुष्पांजलि टूडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर**




पन्ना/श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरु जी का जन्म दिन को बाल दिवस के रूप में सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास पुराना पन्ना में मनाया गया। जिसमें ऑल इंडिया लायंस क्लब के अध्यक्ष श्रीमती वर्षा सिंह बुंदेला और सदस्य मीना यादव संध्या धुरिया पूनम यादव अनुजा यादव कीर्ति ओझा कल्पना यादव रचना सिंह रीना शर्मा अरुणलता शर्मा आशा सोनी उर्मिला अंजना खरे रश्मि शर्मा ज्योति ऊषा शर्मा अनिता और आकांक्षा यादव व अन्य आल इंडिया लायंस क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अतिथियो द्वारा छात्रावास के दिव्यांग बच्चो को उनके पसंद अनुसार चाट, फुल्की, मिठाई व फलों का नाश्ता करवाया गया। जिससे छात्रावास के दिव्यांग बच्चे बहुत खुश हुए और बच्चों ने अतिथियों के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बच्चों ने अपने साजबाज के साथ स्वागत गीत व अन्य कला कौशल का प्रदर्शन किया। लालता प्रसाद लोध ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रावास के बार्डन लालता प्रसाद लोध आशीष सोनी रूपेन्द्र कुमार पटेल राहुल सिंह बुंदेला मिथलेश कुमार सेन देवी सिंह बेलदार व श्रीमती राजकुमारी प्रजापति के सहित स्टाफ व छात्रवास के समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्यविभाग के कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

**पुष्पांजलि टूडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर**



पन्ना- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.एस. उपाध्याय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर की बैठक लेकर समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान आयुष्मान कार्ड की ब्लॉकवार प्रगति, सांस अभियान एवं मीजल्स रूबेला के प्रचार-प्रसार और मैदानी स्तर पर आयोजन की प्रगति, परिवार कल्याण कार्यक्रम में नसबंदी शिवरों में लक्ष्य के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। टीबी (निश्चय) प्रोग्राम अंतर्गत प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज, कुष्ठ सर्वे अभियान में मिले कुष्ठ के मरीजों की उपचार की वर्तमान स्थिति, आशा प्रोग्राम अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान, गर्भवती माताओं का प्रथम तिमाही में पंजीयन सुनिश्चित करने के संबंध में भी निर्देशित किया गया।

# पुलिस अभीरक्षा से कैदी फरार, मचा हडकंप

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**




पन्ना/जिला जेल पन्ना से अयगढ पेशी पर ले जाये जा रहें कैदी केशर सिंह बहेलिया पुलिस अभीरक्षा से अचानक फरार हो गया। जिससे हडकंप मच गया। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा केशर सिंह बहेलिया को बस मे बैठाकर अजयगढ न्यायालय मे पुलिस जवानो द्वारा पेशी पर लाया गया था उसी दौरान वह अचानक बस स्टैन्ड से फरार हो गया। ज्ञात हो कि केशर सिंह बहेलिया पर पन्ना जिले मे 25/27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज था तथा महाराष्ट्र के कोल्हापुर मे 302 हत्या का मामला भी दर्ज है। अचानक कैदी के फरार हो जाने से हडंकप मचा हुआ है तथा आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर तलासी की जा रही है।

# देवेन्द्रनगर में महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**



पन्ना- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 15 नवम्बर को देवेन्द्रनगर के चिल्ड्रन पार्क में विधिक जागरूकता के जरिए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव राजेन्द्र कुमार पाटीदार ने कहा कि देश में महिलाओं की लगभग आधी आबादी होने के बावजूद निरंतर अत्याचार हो रहे हैं। कार्यस्थल सहित घर व बाहर अपराधों की संख्या में बड़ोत्तरी हुई है। इसके निराकरण के लिए समय-समय पर सती प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, लिंग परीक्षण व बच्चियों के साथ बलात्कार रोकने संबंधी कठोर कानून बनाए गए हैं। साथ ही कामकाजी महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर अत्याचार निवारण व अपराध रोकने के लिए विशाखा कमेटी का गठन भी किया गया है, लेकिन सामान्यतः महिलाओं में जागरूकता के अभाव और निर्धनता के कारण इन कानूनों का लाभ नहीं मिल पाता है। शिविर में सभी कानूनों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही प्राधिकरण के माध्यम से प्रदान की जानी वाली सहायता व योजनाओं की जानकारी दी गई।

# मनरेगा कि नहीं मिली मजदूरी , कर्ज तले दबा परिवार
# 5 वर्ष पहले शासन द्वारा तैयार कराई गई थी बगिया

## हेल्पलाइन शिकायत के जवाब में कुल 80 पौधे जीवित

**सिरोंज -पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

शासन के द्वारा गरीब मजदूर वर्ग को गांव में ही मजदूरी




देने एवं परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य मनरेगा योजना शुरू की गई है, लेकिन मजदूरी करने के बाद भी यदि मजदूरी नहीं मिलती तो फिर ऐसी योजना का क्या महत्व है, एक गरीब व्यक्ति जिसकी मजदूरी से ही परिवार का पोषण होता हो यदि ऐसे व्यक्ति को उसकी मजदूरी ना दी जाए तो उस व्यक्ति पर क्या बीतेगी इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है 7

इसी प्रकार का एक मामला ग्राम पंचायत तरवरिया के ग्राम बमोरी होज का है जिसमें शिकायतकर्ता एवं पौध रक्षक चैन सिंह सेन ने बताया कि हमारे द्वारा शासन की योजना अनुरूप शासकीय प्राथमिक शाला के पास तालाब के किनारे बड़ी मात्रा में शासन के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया था जिसमें लगभग 250 पौधे लगाए गए थे एवं कुछ पौधे मेरे द्वारा स्वयं लगाए गए थे जिनकी मेरे द्वारा लगातार देख रेख की जाती है एवं सभी पेड़ पौधे वर्तमान स्थिति में जिंदा है, जिसकी मजदूरी के रूप मैं मुझे ?144000 तो मिल गई थी लेकिन बाद की राशि नहीं मिली इसको लेकर जब मैंने रोजगार सहायक जीवन सिंह से ब्लॉक में कहा तो उन्होंने मुझसे कहा कि आप जहां चाहो वहां मेरी शिकायत कर दो 7

निराकरण मे बताएं 80 पौधे जिंदा होना जब हितग्राही के द्वारा उपरोक्त विषय को लेकर हेल्पलाइन पर शिकायत की गई तब शिकायत की जांच उपयंत्री राघवेंद्र अष्टावक्रे के द्वारा की गई जिसमें उनके बनाई द्वारा गई रिपोर्ट के अनुसार वृक्षारोपण प्रा. शा. से तालाब की पर गडी तक पौध रक्षक चैनसिंह चिरोजीलाल बामौरीहौज ङ्खश्नह्म् ष्टश्रस्रद्ग 1727002011/ढ्डस्न/22012034369559 ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 मे राशि 3.35 लाख का स्वीकृत किया गया जिस पर मजदूरी में 1.44 लाख एवं सामग्री से 0.51460 लाख व्यय किये जा चुके है। मौक पर 80 पौधे जीवित पाये गये हैं, कार्य अनुसार मूल्यांकन कर सामग्री एवं मजदूरी का भुगतान किया जा




चुका है शिकायतकर्ता द्वारा की गयी मजदूरी का भुगतान भी उनके खाते में किया जा चुका है। चूंकि कार्ययोजना पंचवर्षीय थी इस कारण कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। जबकि हितग्राही का कहना है कि आज 250 से अधिक पौधे जिंदा है चाहे तो आप मौके का निरीक्षण कर सकते हैं 7

कर्ज तले दब गया हमारा परिवार पैशे से मजदूर चैन सिंह सेन की धर्मपत्नी रानी सेन ने बताया कि हमारा परिवार इसी मजदूरी से पलता था लेकिन बीते समय से हमें मजदूरी नहीं मिली जबकि घर और परिवार का खर्च ज्यों का त्यों रहा इस कारण से आज हम कर्ज तले दब गए हैं और अब घर में खाने की तक गंभीर समस्या हो गई है 7सीएम हेल्पलाइन, कलेक्टर और विधायक से की जा चुकी शिकायत हितग्राही के द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा हेल्पलाइन कलेक्टर और विधायक जी से शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक शिकायत का निराकरण नहीं हो सका है और आज हमारी स्थिति बहुत ही खराब हो गई है 7 सवालों के घेरे में स्थानीय अधिकारी

इस तरह गरीब की थाली में कब तक डाला जाएगा डाका
आखिर ऐसे भ्रष्टाचार पर लगाम क्यों नहीं
क्या मजदूर को मिल पाएगा उसकी मेहनत का फल

**इनका है कहना-**

एक जॉब कार्ड पर 1 वर्ष में 100 दिनों की मजदूरी उपलब्ध कराते हैं , चैन सिंह के कुछ दिन प्रधानमंत्री आवास योजना में एवं कुछ दिन बगिया में ऐसे करके उनके **100 दिन पूरे हो गए हैं -**

रोजगार सहायक जीवन सिंह ग्राम पंचायत तरवरिया

इनका खाता प्रधानमंत्री आवास योजना में लगा हुआ है इस कारण से हमारे द्वारा इनसे दूसरा खाता मांगा गया था, लेकिन उन्होंने अभी तक हमें दूसरा खाता उपलब्ध नहीं करवाया - **सचिव राकेश भार्गव ग्राम पंचायत**

# हर विभाग के भ्रष्टाचार को उजागर किया जाएगा- राजेंद्र सिंह परिहार

**भिंड** युवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा भिंड जिले से राजेंद्र सिंह परिहार को प्रदेश समन्वयक युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग मध्यप्रदेश एवं गौरव



कोली जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग भिंड बनाए जाने पर समर्थकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी समर्थको ने फूल माला मिठाई खिलाकर बधाई दी जिसमें कमल प्रताप सिंह तोमर पार्षद साबू खान कुलदीप सिंह गुर्जर तहसील खान प्रमोद शुक्ला अवध किशोर बंटी गुर्जर मनोज कुमार गुप्ता उदय सिंह परिहार गिर्राज दुबे जीतू श्रीवास अजय माहोर धर्मेंद्र माहौर ज्ञान सिंह माहौर आदि कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया नवनियुक्त बनाए जाने पर विधायक श्री मेवाराम जाटव कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री मान सिंह कुशवाहा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्री देवाशीश जरारिया इफको डायरेक्टर श्री अमित प्रताप सिंह सेवादल जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा हरीश शुक्ला जावेद पठान अरविंद कुशवाहा अमित कुशवाहा धर्मवीर सगर विजय राठौर राजू राठौर उदय परिहार योगेश परिहार आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी पदाधिकारियों ने सभी का स्वागत के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है इसके लिए मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के ऋञ्जढ्ढ ( सूचना के अधिकार ) की प्रदेश अध्यक्षा बहन सुश्री शाम्भवी शुक्ला जी का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार हमें जो जिम्मेदारी देने के लिए मिली जिम्मेदारी को हम पूर्ण रूप से ईमानदारी से निष्ठावान कर्तव्य से जिम्मेदारी से निर्वाहन कार्य करूंगा करवाना

**हर विभाग का करेंगे भ्रष्टाचार उजागर**-युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग मध्य प्रदेश के प्रदेश समन्वयक बनाए गए राजेंद्र परिहार ने बताया कि प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा हम पर जो विश्वास कर हमें जो दायित्व सौंपा गया है उसको मैं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभाते हुए विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार को हर हाल में उजागर करूंगा चाहे वह कोई भी विभाग हो किसी भी हालत में भ्रष्टाचारियों को छोड़ा नहीं जाएगा

# 66 वी जिला स्तरीय साइक्लिंग प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**पुष्पांजलि टुडे। राजस्थान नरेश कुमार सीरवी**

रानी पाली फालना। एस पी यू जैन शिक्षण संघ, फालना द्वारा संचालित कनकराज सावंतराज लोढा पब्लिक स्कूल में 66 वी जिला स्तरीय साइक्लिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह हुआ जिसमें मुख्य अतिथि मुकेश अग्रवाल नगरपालिका उपाध्यक्ष,समारोह अध्यक्ष अमित मेहता समाज सेवी विशिष्ट अतिथि पुखराज सोलंकी प्रधानाचार्य महात्मा गांधी स्कूल व कविता गहलोत प्रिन्सिपल बालिका स्कूल थेकार्यवाहक प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने सभी अतिथियो का सम्मान साफा व माला के साथ कियाकार्यक्रम मे ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य आतिथि अग्रवाल ने अपने संबोधन मे सभी प्रतिभागियो से खेल को खेल कि भावना से खेलने का आह्वान किया तथा कहा कि खेल से शारीरिक विकास होता है* अमित मेहता सभी खिलाडियो का शुभकामनाए देते हुए कहा व राज्य स्तर पर भी अपना परचम लहराने हेतू प्रेरित किया। पुखराज सोलंकी ने* सभी खिलाडियो का होसला बुलन्द कराते हुए कहा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करने की क्षमता विकसित करने का सुझाव दिया। छात्रा खुशी त्रिवेदी ने खिलाडियो को शपथ दिलाई व मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक टीकमाराम सोलंकी ने किया खेल प्रभारी अभिमन्यु सिंह, जितेन्द्र कलावंत,पुनम गोयल, एसपीयू कालेज के खेल अधिकारी चन्द्रपाल सिंह सोनीगरा,इरशाद सिलावट,फिरोज सिलावट व किशोर पंवार का सहयोग रहा कार्यक्रम के अंत मेंधन्यवाद ज्ञापित रेखा शर्मा ने किया



# 66 वी जिला 14 वर्षीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हुई समेजा कोठी में

**पुष्पांजलि टुडे ।गंगानगर राजस्थान**
**नरेश कुमार सिरवी**

**गंगानगर राजस्थान।** रायसिंहनगर,ग्राम पंचायत समेजा में 66 वी जिला



स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय समेजा कोठी में 14 वर्ष जिला प्रतियोगिता कबड्डी का आयोजन किया गया जिसने मुख्य अतिथि महावीर सीआई पुलिस थाना समेजा, गोगा देवी नायक यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष श्री गंगानगर, रघुवीर सिंह, दीपेश नायक जिला परिषद डायरेक्टर, राय साहब स्वामी भागीरथ पुनिया एवं श्रीगंगानगर जिले से आई टीम प्रभारी एवं ग्राम पंचायत समिति कोठी समस्त स्टाफ आदि के द्वारा बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने की प्रेरणा दी सरस्वती पूजा अर्चना करने के बाद खेल की शुरुआत की जिस में समेजा कोठी स्वामी विवेकानंद एवं घढ़साना की टीम शुरुआत हुई जिसमें घढ़साना की टीम विजय हुई लगातार तीन दिन मैच होंगे उसके बाद समापन समारोह पर विजय टीम को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे

## ग्राम के शासकीय शिक्षकों की अद्भुत पहल

# बाल दिवस पर प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



बालाघाट जिले की विकासखण्ड लांजी में एक ग्राम के सभी शिक्षकों ने मिलकर अनोखी और दिलचस्प परंपरा को प्रारंभ किया है। ग्राम के समस्त शिक्षक समूह के सौजन्य से ग्राम दिघोरी में 14 नवंबर को माध्यमिक शाला दिघोरी के प्रांगण में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के समस्त छात्र छात्राएं, पुर्व छात्र सम्मिलित रहें। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शंकर लाल लिल्हारे उपसरपंच, धन्नूलाल घोरमारे सरपंच, सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामलाल मडामे, एम के मडामे, संगीता भिमटे शिक्षिका, ग्राम के शिक्षक साथी एल के मडामे, भागवत सुलाखे, एस के मडामे, गजानंद घोरमारे, बिरबल दशरीया, दिनेश सुलाखे, सुरेश सुलाखे, शुशीला दशरीया, छाया घोरमारे, शैवंता सोनवाने, बेनू गौतम, ममता उमरे, मनोज सोरकुरे, पदमा मडामे, हेमेश्वरी सुलाखे, पुष्पा नगपुरे शिक्षक अन्य अतिथि उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों का स्वागत साल श्रीफल एवं डायरी भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को चाचा नेहरू के बारे में जानकारी देकर कक्षा पांचवीं में प्रथम स्थान प्रतिक मडामे 87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान भौतिक मडामे 83.5 प्रतिशत, तिसरा स्थान दिव्या लिल्हारे 77 प्रतिशत, तुषार लिल्हारे 75 प्रतिशत एवं कक्षा आठवीं से प्रणाली कोसरे एवं राखी ठकरेले ने 83 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय स्थान किरण बनोठे ने कक्षा दसवीं में प्रथम सुरभि नगपुरे 83.02 प्रतिशत, द्वितीय कोमेश्वरी सुलाखे 82.08 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं में जैवंती डहारे 70 प्रतिशत के साथ प्रथम एवं डिंकी कालबेले 67 प्रतिशत द्वितीय स्थान हासिल किया। सभी बच्चों को कापी पेन शील्ड का प्रतीक उपस्थित अतिथियों के द्वारा दी गई। अंत में सभी बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। एसा पहली बार हुआ है कि ग्राम के सभी शिक्षक साथियों ने मिलकर ग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया है।

## प्रसिद्ध देवी धाम सलकनपुर मंदिर में लाखों की चोरी

# अज्ञात चोरों का अब तक कोई सुराग नहीं लगा

**रघुवर दयाल गोहिया**

भोपाल/सीहोर। सीहोर जिले के सलकनपुर स्थित









प्रसिद्ध विजयासन देवी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोर घुस गए और लाखों रुपये से भरे छह बोरे चुरा कर लापता हो गए। अभी तक चोरों के बारे में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है।उल्लेखनीय है कि सलकनपुर देवी धाम प्रदेश भर में लोगों की आस्था का केंद्र है। यह स्थान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के विधानसभा क्षेत्र बुधनी के अंतर्गत आता है। मंदिर 24 घंटे सुरक्षा के साये में रहता है। यहां पर एसएएफ की परमानेंट चार-एक की टुक?ी तैनात रहती हैं। चारों तरफ सीसीटीव्ही कैमरे लगे हुए हैं। सलकनपुर में मध्यप्रदेश की सबसे हाईटैक पुलिस चौकी एवं कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके बाद भी दो नकाबपोश चोरों ने सारे सिस्टम को धत्ता बताते हुए मंदिर के खजाने पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार बीती रात दो नकाबपोश चोर सुरक्षा के बीच मंदिर के स्ट्रांग रूम का ताला तो?कर नोटों से भरी बोरियों की चोरी कर ले गए। मंदिर समिति के अध्यक्ष महो उपाध्याय द्वारा बताया जा रहा है कि चोर 6 बोरियों की चोरी करके ले गए हैं। ऐसे लगा चोरी का पताचोरी की घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे की है और इसका पता सुबह 4 बजे उस समय चला जब पुजारी आरती की तैयारियों के लिए मंदिर में पहुंचे। पुजारी ने स्ट्रांग रूम का ताला टूटा देखा। उसके बाद उन्होंने मंदिर समिति के अध्यक्ष महेश उपाध्याय, सचिव आरके दुबे को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी सलकनपुर पहुंचे।चोरी की घटना के बाद पुलिस व्यवस्था परकई सवाल उठाए जा रहे हैं। स्ट्रांग रूम में सोना-चांदी सहित अन्य कीमती सामान भी रखा हुआ था लेकिन उनकी चोरी होने की बात को नकारा जा रहा है। चोरी की घटना के बाद डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंची है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, एएसपी गीतेश गर्ग, एसडीओपी बुदनी शशांक गुर्जर सहित रेहटी, बुदनी, नसरूल्लागंज, शाहगंज के थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम ने सलकनपुर में ही डेरा डाल रखा है। सीसीटीव्ही फुटेज में दो नकाबपोश चोर दिखाई दे रहे हैं।

**चोरी का पूरा घटनाक्रम**-सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे दो नकाबपोश चोर मंदिर के पीछे भक्तों के लिए बनी रैलिंग को कूदकर व्हीआईपी गैलरी में पहुंचे। यहां से वे व्हीआईपी गेट का ताला तो?कर मंदिर के अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने एक रॉड से स्ट्रांग रूम का ताला तो?ा। स्ट्रांग रूम में प्रवेश किया और नोटों से भरी 6 बोरियों को उठाकर वहां से निकले। उन्होंने बाहर निकलने के लिए देवी दर्शन के लिए प्रवेश करने वाला रास्ता चुना। वहां पर भी ताला था। ताला तो?ने का प्रयास किया, लेकिन जब ताला नहीं टूटा तो उन्होंने नोटों से भरी एक बोरी को वहीं पर छो? दिया और शेष बोरियां लेकर वे दूसरे रास्ते से बाहर निकले। इस दौरान वीडियो फुटेज में दिखाई दे रहा है कि चोरों ने माता रानी के सामने शीश भी झुकाया। हालांकि इस दौरान उनके पैरों में जूते दिखाई दे रहे हैं। नकाबपोश चोरों ने चोरी करने के बाद भागने के लिए जंगल में बने पगडंडी के रास्ते को चुना। यह रास्ता रोप-वे के पीछे से निकलता है। चोरों ने यहां पर भी एक नोटों से भरी बोरी को छो? दिया। बताया जा रहा है कि चोर 4 बोरियां नोटों से भरी लेकर जंगल के रास्ते भागे हैं।

**स्ट्रांग रूम में नकदी के अलावा सोना-चांदी भी था**-सलकनपुर मंदिर में मां बिजासन देवी के पास बने स्ट्रांग रूम में ब?ी संख्या में नकदी रखी हुई है। इसके अलावा यहां पर सोना-चांदी के जेबर भी ब?ी संख्या में रखे हुए हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि सोना-चांदी के जेबरों को गलाने का कार्य भी यहां पर चल रहा था। इनसे ईंटें बनाकर रखी जा रही थी। इसके अलावा अन्य कीमती सामान भी स्ट्रांग रूम में रखा हुआ था।

लाखों-करोड़ों रुपए की आती है नकदी

सलकनपुर स्थित मां विजयासन धाम में हर वर्ष लाखों-करो?ों रुपए की नकदी एवं सोना-चांदी के जेवरात आते हैं। यह नकदी यहां आने वाले भक्त च?ाते हैं। इसके अलावा विदेशों से भी मंदिर समिति के पास चंदा आता है।

**लगे हैं कुछ सुराख हाथ**-सूत्रों की मानें तो पुलिस टीम को चोरी की वारदात के कुछ सुराख भी हाथ लगे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस टीम को चोरी के समय चोरों के मोबाइल की कुछ डिटेल्स पता चली है। इससे पुलिस टीमों को जांच के लिए लगाया गया है।

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने सलकनपुर स्थित कंट्रोल रूम में बैठकर सीसीटीव्ही के फुटेज खंगाले हैं। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र के पेट्रोल पंप, वेयर हाउसों में लगे सीसीटीव्ही के कैमरों के फुटेज भी पुलिस टीम ने देखे हैं। उसके आधार पर चोरों का पता लगाने की कवायद की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि दो चोरों के अलावा भी क्या इनके साथ आसपास कहीं थे। पुलिस हर पहलू पर जांच करने में जुटी हुई है।

**इनका कहना है**

दो नकाबपोश चोर मंदिर के स्ट्रांग रूम में घूसे और उन्होंने वहां से करीब 6 बोरियां नकदी की लेकर भागे हैं। दो बोरियां मिल गई हैं, जबकि 4 बोरियां लेकर वे भागे हैं। स्ट्रांग रूम में कुछ पुराने, कटे-पिटे नोटों की बोरियां भी भरी रखी हुईं थी और आशंका है कि चोरों ने उनमें से भी कुछ बोरियां उठाकर ले गए हैं। एक बोरी में दो से ढाई लाख रुपए की नकदी भराती है। इससे अनुमान लगाया गया है कि चोर करीब 8 से 10 लाख रुपए नकदी लेकर भागे हैं। चोरी की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी दी गई। सूचना के बाद अधिकारी सलकनपुर पहुंचे और उन्होंने जांच शुरू की। फिलहाल पुलिस टीम द्वारा जांच की जा रही है। चोरी की एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

-महेश उपाध्याय, अध्यक्ष, सलकनपुर मंदिर समिति

सलकनपुर मंदिर में चोरी की सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थितियां देखी एवं पुलिस टीमें बनाकर जिलेभर में चोरों की धरपकड़ के लिए पुलिस को लगाया है। सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगाले गए हैं। इसमें दो नकाबपोश चोर हैं। इस घटना में एसएएफ के पांच जवानों को सस्पेंड किया गया है। उनकी लापरवाही सामने आई है। पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है और जल्द ही चोरी के आरोपियों को पक? लिया जाएगा।

**-मयंक अवस्थी, पुलिस अधीक्षक, सीहोर**

# स्काउट गाइड ने मनाई बिरसा मुंडा जयंती

महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

**भिंड।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला भिंड द्वारा बिरसा मुंडा जयंती स्काउट कार्यालय कॉटन जीन कॉलोनी भिंड मनाई गई जिसमें जिले के पदाधिकारी स्काउट गाइड एवं सामान्य नागरिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिला संगठन आयुक्त स्काउट अतिबल सिंह द्वारा बिरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहाआज भगवान, क्रांतिकारी, जननायक, बिरसा मुंडाजी की जन्म जयंती है।भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने भारत के झारखंड में अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में जनजाति समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। काले कानूनों को चुनौती देकर बर्बर ब्रिटिश साम्राज्य को सांसत में डाल दिया।15 नवंबर 1875 को झारखंड के जनजाति दम्पति सुगना और करमी के घर जन्मे बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली रची। उन्होंने हिन्दू धर्म और ईसाई धर्म का बारीकी से अध्ययन किया तथा इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जनजाति समाज मिशनरियों से तो भ्रमित है ही हिन्दू धर्म को भी ठीक से न तो समझ पा रहा है, न ग्रहण कर पा रहा है।बिरसा मुंडा ने महसूस किया कि आचरण के धरातल पर जनजाति समाज अंधविश्वासों की आंधियों में तिनके-सा उ? रहा है तथा आस्था के मामले में भटका हुआ है। उन्होंने यह भी अनुभव किया कि सामाजिक कुरीतियों के कोहरे ने जनजाति समाज को ज्ञान के प्रकाश से वंचित कर दिया है। धर्म के बिंदु पर जनजाति कभी मिशनरियों के प्रलोभन में आ जाते हैं, तो कभी ढकोसलों को ही ईश्वर मान लेते हैं।भारतीय जमींदारों और जागीरदारों तथा ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्टी में जनजाति समाज झुलस रहा था। बिरसा मुंडा ने जनजातियो को शोषण की नाटकीय यातना से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें तीन स्तरों पर संगठित करना आवश्यक समझा। पहला तो सामाजिक स्तर पर ताकि जनजाति-समाज अंधविश्वासों और ढकोसलों के चंगुल से छूट कर पाखंड के पिंजरे से बाहर आ सके। इसके लिए उन्होंने ने जनजाति को स्वच्छता का संस्कार सिखाया। शिक्षा का महत्व समझाया। सहयोग और सरकार का रास्ता दिखाया।सामाजिक स्तर पर जनजाति के इस जागरण से जमींदार-जागीरदार और तत्कालीन ब्रिटिश शासन तो बौखलाया ही, पाखंडी झा?-फूंक करने वालों की दुकानदारी भी ठप हो गई। यह सब बिरसा मुंडा के खिलाफ हो गए। उन्होंने बिरसा को साजिश रचकर फंसाने की काली करतूतें प्रारंभ की। यह तो था




सामाजिक स्तर पर बिरसा का प्रभाव। दूसरा था आर्थिक स्तर पर सुधार ताकि जनजाति समाज को जमींदारों और जागीरदारों के आर्थिक शोषण से मुक्त किया जा सके। बिरसा मुंडा ने जब सामाजिक स्तर पर जनजाति समाज में चेतना पैदा कर दी तो आर्थिक स्तर पर सारे जनजाति शोषण के विरुद्ध स्वयं ही संगठित होने लगे। बिरसा मुंडा ने उनके नेतृत्व की कमान संभाली। जनजाति ने %बेगारी प्रथा% के विरुद्ध जबर्दस्त आंदोलन किया। परिणामस्वरूप जमींदारों और जागीरदारों के घरों तथा खेतों और वन की भूमि पर कार्य रूक गया। तीसरा था राजनीतिक स्तर पर जनजाति को संगठित करना। चूंकि उन्होंने सामाजिक और आर्थिक स्तर पर जनजाति में चेतना की चिंगारी सुलगा दी थी, अतः राजनीतिक स्तर पर इसे आग बनने में देर नहीं लगी। जनजाति अपने राजनीतिक अधिकारों के प्रति सजग हुए। बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानंद थे। ब्रिटिश हुकूमत ने इसे खतरे का संकेत समझकर बिरसा मुंडा को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया। वहां अंग्रेजों ने उन्हें धीमा जहर दिया था। जिस कारण वे 9 जून 1900 को बलिदान हो गए। बिरसा मुंडा की गणना महान देशभक्तों में की जाती है। ऐसे देशभक्त बिरसा मुंडा को शत शत नमन।।।भारत माता की जय।। के साथ अपनी वाणी को विराम दिया , साथ ही श्रीमती राम जानकी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया , कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम बिरसा मुंडा जी के चित्र पर सभी सम्मिलित प्रतिभागियों ने पुष्प चढ़ाकर जयंती की शुरुआत की और उनके जीवन दर्शन से बहुत संदेश प्राप्त हुआ इस अवसर पर श्री प्रभात कोरकू सीनियर स्काउट राहुल ,कामिनी भाटिया ,दीपा स्वीटी सोनी, दीपांशी सोनी मोहिनी, दीक्षा दुवे अभिषेक आदि स्काउट गाइड सम्मिलित हुए।

## सबको शिक्षा और रोजगार गारंटी से ही देश विश्व गुरु बनेगा: घोष

महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे
भिण्ड। शाहवाज खान, संयुक्त सचिव, एस एफ आई



मध्यप्रदेश द्वारा प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति अनुसार केंद्र और राज्य सरकार को संयुक्त रूप से देश के समस्त छात्रों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था के वाद उसके रोजगार की गारंटी सरकारी को लेना चाहिए शिक्षा और रोजगार देने की सरकार सार्वजनिक व्यवस्था ही भारत को दुनिया का विश्व गुरु बना सकती है एस एफ आई मध्यप्रदेश 14 वा राज्य सम्मेलन में उद्घाटन भाषण करते हुए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष आई शी घोष ने कही 13=14 नवंबर को कैलारस मुरैना में एस एफ आई का 14वा मध्यप्रदेश राज्य सम्मेलन आयोजित किया गया भिण्ड जिला से राज्य सम्मेलन में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भागेदारी की जिला की छात्रा समस्याओं को अभिषेक यादव एवं शाहवाज खान ने रखी जिसमें मेडीकल कॉलेज खुलवाने की मांग एवं छात्रा नेहा जाटव एवं आर्यन शर्मा की नृशंस हत्या पर सम्मेलन में शोक व्यक्त करते हुए हत्यारों को फांसी देने का प्रस्ताव पारित किया गया सम्मेलन में 132 छात्रों में सबसे छोटी उम्र की प्रतिनिधि भिण्ड जिला की उपमा दौनेरिया थीएस एफ आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी शानू ने कहा विद्यालयों महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला होती है मध्यप्रदेश सहित तमाम राज्य सरकार छात्र संघ चुनाव कराने से डरती है केरल में प्रतिवर्ष छात्र संघ चुनाव होता है क्या केरल राज्य शिक्षा क्षेत्र में अन्य राज्यों से पीछे है नहीं शिक्षा के क्षेत्र में केरला देश का सर्वोच्च राज्य है भाजपा की कोई भी राज्य सरकार शिक्षा स्वास्थ्य में केरल दिल्ली से काफी पीछे हैसम्मेलन में 21 सदस्यों की नई राज्य कमेटी चुनी गई जिसमें राज्य अध्यक्ष राजवीर सिंह धाकड़ राज्य महासचिव अजय तिवारी उपाध्यक्ष दीपक पासवान आंकक्षा धाकड सहसचिव सीमा सिंह भिण्ड जिला से शाहवाज खान संयुक्त सचिव एवं कुमारी भारतीय शर्मा को राज्य कमेटी सदस्य चुना गयाराज्य सम्मेलन में समापन भाषण करते हुए। एस एफ आई राष्ट्रीय संयुक्त सचिव विनीत कश्यप ने कहा केंद्र सरकार चंद उधोयगपतियो का बैंकों का 12 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर सकती है लेकिन देश का शिक्षा बजट मात्र 1 लाख करोड़ रुपए का होने के कारण शिक्षा प्रतिवर्ष मंहगी होती जा रही है जिसके कारण उच्च शिक्षा में मात्र देश का 14त्न विधार्थी पहुंच पाता है यही हमारे देश की शिक्षा नीति की सबसे बड़ी कमजोरी है नई शिक्षा नीति से कम आमदनी वाले परिवार शिक्षा से बंचित हो जायेगी एस एफ आई माग करती है केन्द्रीय- राज्य सरकार के बजट का 10त्न शिक्षा पर खर्च होना चाहिए।

## बाल अधिकार सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



**ग्वालियर-** शासकीय कन्या राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्वालियर में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा बाल अधिकार सप्ताह 2022 के अंतर्गत बाल अधिकार और संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में छात्राओं व कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा बाल अधिकारों पर अपने विचार प्रस्तुत किए जाए।इस अवसर पर कुमारी शिवानी राजोरिया ने अपने पड़ोस में होने वाले बाल विवाह को रोकने के अपने अनुभव को बताया,कुमारी श्रद्धा ने उन्हीं के गांव में एक महिला को लड़की होने पर होने वाले घरेलू हिंसा को रोकने के लिए किए गए प्रयास को बताया ,कुमारी दिव्या ने बताया कि किस प्रकार छोटे बच्चों को छेड़छाड़ का शिकार होना पड़ता है,हनी तोमर ने प्रमुख बाल अधिकारों को विस्तार पूर्वक बताया कुमारी भारतीय मांझी और वैष्णवी द्वारा शिक्षा के अधिकारों के बारे में अपने विचारों को साझा किया।कुमारी आंचल कुशवाह ने सीपी क्लब के माध्यम से उनके विचारों व स्वयं के प्रयासों और सीपी क्लब के अनुभवों को सभी के समक्ष रखा।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्णा सिंह ने इस दिशा में स्वयं सेविकाओं को अधिक से अधिक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।डॉ.संगीता सोमवंशी के द्वारा घर से ही बाल अधिकारों को प्रोत्साहित करने के लिए का सुझाव दिया।कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापक वीणा शुक्ला द्वारा बाल अधिकारों और संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई साथ ही इस दिशा में सभी छात्राओं को विशेष कार्य करने के लिए मार्गदर्शक किया गया।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

पुष्पाजंली टुडे



बेंगलुरु -विजयनगर बजरंग दल एवं अन्य हिंदू संगठनों ने हंपी नगर मेन रोड चौराहे पर कन्नड़ राज्योत्सव के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया । जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया । मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए

## बर्मामाइंस बाजार समिति द्वारा विदाई समारोह आयोजित

(चिंटू सिंह)



**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस बाजार समिति के बैनर तले पुलिस पदाधिकारियों के स्थानांतरण होने पर समिति द्वारा विदाई समारोह आयोजित की गई। गौरतलब हो कि विगत दिनों बड़े पैमाने पर एसआई एवं एएसआई स्तर के पुलिस पदाधिकारियों का जिले में विभिन्न थानों में स्थानांतरण किया गया था। इसी कड़ी में बर्मामाइंस थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों का भी विभिन्न थानों में स्थानांतरण किया गया है। इस दौरान थाना प्रभारी अजय कुमार ने एसआई विकास कुमार, कौशल कुमार, देवकांत सिंह, लाला उरांव, बिट्टी मई टुडू को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर बाजार समिति के चंद्रप्रकाश सिंह, चिंटू सिंह राजपूत, शर्मा जी, उमेश प्रसाद, बुरन दा, शशि सिंह समेत बाजार समिति के सैकड़ों दुकानदार भाई उपस्थित थे।

## मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह के निज निबास पर अनुं मौर्चा भिण्ड के जिला अध्यक्ष श्री पिंकी सगर जी का आगमन् हुआ

पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे



मंडल अध्यक्ष की ओर से सोंल श्रीफल देकर सम्मान किया एंव आगामी कार्यक्रम हेतु पार्टी के बिषय में कुछ चर्चायें हुई इस अबसर पर अनुं मोर्चा मंण्डल अध्यक्ष महेंन्द परिहार अमजद खांन मेहूबूब खांन प्रचार प्रसार मंत्री सोमबीर सिबहरे अनुं मोर्चा के जिला सह आइटी प्रभारी सतीष परिहार किसान मौर्चा शोशल मिडिया प्रभारी दीपक यादव डां बेताल गोड अजय झां आकाश शाक्य दिनेश परिहार सोनू खांन धर्मेन्द राणा बबली यादव रामकुमार जादोंन रघुराज आदि उपस्थित रहे

## विश्वकर्मा जन संगठन मध्यप्रदेश द्वारा ग्वालियर डॉ भगवत सहाय सभागार में दीपावली मिलन समारोह एवं प्रतिभाओं का सम्मान एवं चल समारोह निकाला गया

पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे

श्री विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें ग्वालियर महापौर श्रीमति डॉ.शोभा सतीश सिकरवार जी विश्वकर्मा समाज से पूर्व राष्टपति स्व.श्री ज्ञानी जेल सिंह जी के प्रपुत्र श्री इंद्रजीत सिंह जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री माखनलाल ओझा जी एवं पूर्व विधायक बृजेंद्र तिवारी जी कांग्रेस ग्वालियर अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा जी देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर जी युवा भाजपा नेता (रामू भैया) जितेंद्र सिंह जी फिल्म अभिनेता तिलकराज विश्वकर्मा जी दिवाकर विश्वकर्मा जी युवानेता शानू भैया जी संगठन के संरक्षक मोहन विश्वकर्मा जी प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा जी जिला अध्यक्ष ग्वालियर महानगर वीर सिंह विश्वकर्मा जी जिलाध्यक्ष ग्वालियर ग्रामीण श्री छबिराज विश्वकर्मा जी एवं संगठन के पदाधिकारी और



कार्यकर्ता एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें हजारों की संख्या मे लोग एकत्रित हुए। युवा नेता श्री तोमर ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के लिए एवं समाज के विकाश कार्यो के लिए हमारी जहां भी जरूरत पड़ेगी हम सदैब आपके साथ खड़े रहेंगे । संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि हम समस्त विश्वकर्मा समाज को इसी तरह एकत्रित होकर समाज के उत्थान के लिए हमारे वरिष्ठजनों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन लेकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होकर काम करने की जरूरत है । इस अवसर पर संगठन के संरक्षक मोहन विश्वकर्मा जी डॉ बेताल विश्वकर्मा मनोज विश्वकर्मा सुदामा विश्वकर्मा जुगलकिशोर विश्वकर्मा ओमप्रकाश विश्वकर्मा राजेन्द्र झा अशोक सोनी गिर्राज ओझा रमेश विश्वकर्मा मुकेश विश्वकर्मा रामबाबू विश्वकर्मा मुरारीलाल ओझा संजय विश्वकर्मा सुल्तान विश्वकर्मा कालीचरण एड.रामसेबक विश्वकर्मा विश्वकर्मा उमाशंकर झा मोनू विश्वकर्मा घनश्याम विश्वकर्मा राजेन्द्र विश्वकर्मा रवि विश्वकर्मा टिंकू विश्वकर्मा अजय विश्वकर्मा भगबत विश्वकर्मा पवन विश्वकर्मा एवं हजारों की संख्या मे लोग उपस्थित रहे ।

## हर बच्चा एक खूबसूरत फूल है,जो इस दुनिया को गुलदस्ता बनाते हैं



अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर-**÷हर बच्चा एक खूबसूरत फूल है ,जो इस दुनिया को एक सुंदर गुलदस्ता बनाते हैं÷।दिनांक 14 नवंबर 2022 को शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्वालियर की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा बाल दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने बाल अधिकारों व बाल संरक्षण पर भी अपने अपने विचारों को साझा किया।कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा बाल दिवस पर भाषण, समूह नृत्य स्वरचित कविताओं इत्यादि के माध्यम से अपने बचपन को साकार किया।साथ ही छात्राओ ने मूक अभिनय के माध्यम से बाल किन्नरों के अधिकारों को बताया।वैष्णवी मुद्गल व दिव्या माहौर द्वारा कार्यक्रम का मंच संचालन किया गया।कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एमआर कौशल के संरक्षण में और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.वीणा शुक्ला,डॉ.कृष्णा सिंह और डॉ.संगीता सोमवंशी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## झारखंड स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा का उद्घाटन हुआ

रिपोर्टर केरेडारी-बिकाश कुमार



हजारीबाग(केरेडारी)- भगवान बिरसा मुंडा संघर्ष समिति आगर तोला जोरदग केरेडारी में आज झारखंड स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा का उद्घाटन हुआ, उद्घाटन पूजा पाठ और माला पहनाकर किया गया इसके अलावा नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम भी किया गया लोगों ने हर्षोल्लास के साथ भगवान बिरसा मुंडा का जयकारा भी लगाया। वही आज के इस कार्यक्रम में संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनिल मुंडा,सचिव उमेश मुंडा, कोषाध्यक्ष-रमेश मुंडा,उपाध्यक्ष अजय मुंडा और समाजसेवी पचरा पंचायत का मुखिया महेश प्रसाद साहू, केरेडारी प्रखंड प्रमुख श्रीमती सुनीता देवी,समाजसेवी रामकुमार साहू, प्रेम रंजन पासवान, कालूराम, उप मुखिया कुलेश्वर महतो, अखिलेश पासवान, कृष्णा गुप्ता, मनोज गुप्ता, इत्यादि मौजूद रहे ।

## देश के विकास में नशा बाधकङ्क राकेश गोहिल

### बाल दिवस के उपलक्ष में ग्राम मुरारिया में आयोजित हुआ नशा मुक्ति कार्यक्रम नशा न करने की दिलाई शपथ



सिरोंज/ लटेरी
रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह

सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर जन चेतना मंच के द्वारा ग्राम मुरारिया में स्थित हायर सेकेंडर विद्यालय के परिसर में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें युवाओं के द्वारा नशा न करने की शपथ ली गई तो वहीं कई ऐसे युवा जो पहले से नशा करते थे उन्होंने पूरी तरह नशा छोड़ने का संकल्प लिया जिस पर संस्था के द्वारा प्रशंसा स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिया गया , जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ समाजसेवी राकेश भार्गव ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं अपितु समाज को भी खोखला कर देता है। देश में बढ़ते अपराध, बेरोजगारी, सड़क दुर्घटनाएं और आतंकवाद के पीछे नशा ही प्रमुखता से जिम्मेदार है। समाज के उत्थान हेतु व्यक्तियों को नशामुक्ति व अंगदान हेतु आगे आने की जरूरत है। वही वरिष्ठ समाजसेवी राकेश गोहिल ने कहा कि नशा व्यक्ति विनाश का कारण है है एवं देश के विकास में बाधक है आज कई परिवार नशा की वजह से आर्थिक सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ गए हैं , इस दौरान जन चेतना मंच के अध्यक्ष धर्मेंद्र पाटीदार ग्राम पंचायत मुरारिया के सरपंच आशीष कुमार जैन , मुरवास थाना प्रभारी ओपी रघुवंशी शैलेंद्र जैन सुनील जैन श्रेयांश जैन मोहित शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे वही कार्यक्रम का संचालन जन चेतना मंच के मीडिया प्रभारी संजीव कुशवाहा , एवं आभार जन चेतना मंच के अध्यक्षष धर्मेंद्र पाटीदार के द्वारा किया गया

## जनजातीय गौरव दिवस मनाया



घाटीगांव जनजाति गौरव दिवस स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हिंदू जागरण मंच नगर परिषद मोना ने पुष्पांजलि अर्पित कर शत-शत नमन कियाआज नगर परिषद मोहना मे जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के महानायक को शत-शत नमन किया जिसमें मुख्य रुप से हिंदू जागरण मंच जिला उपाध्यक्ष परमानंद मिश्रा मोहना थाना इकाई अध्यक्ष कमल सिंह भदोरिया विष्णु धाकड़ सौरभ जाधव धीरज भदौरिया भारत धाकड़ गोलू धाकड़ राकेश धाकड़ मुकेश धाकड़ अशोक आदिवासी मुकेश जोशी प्रदीप राठौर गौरी गोस्वामी करण पाल गोलू मिस्त्री आदि ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## युवक कॉंग्रेस पूर्व राष्ट्रीय सचिव ने लगभग 25 लाख के निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

### चार महीने से रुका हुआ कार्य पार्षद सलमा शेरे पठान ने शुरू कराया

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



**दबोह-** नगर के वार्ड नं.सात(7)पतारा मोहल्ले में मंगलवार को युवक कॉंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने 26 लाख की लागत से बनाये जा रहे नाला सी.सी.निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया इस दौरान अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने सही तरीके से अच्छी क्वालिटी का कार्य करने के निर्देश दिए वही उन्होंने नगर परिषद सबइंजीनियर से कहा कि यह कार्य आप अपनी निगरानी में कराए अगर आपको जरा सी भी कमी नजर आए तो तुरंत काम बंद करा कर ठेकेदार का पैमेंट रुकवा दिया करे बताया जा रहा है कि यह कार्य प्रशासक के टाइम पर पास हो गया था जो लगभग चार महीनों से रुका हुआ था जिसको वार्ड नं.सात(7) की पार्षद सलमा शेरे पठान ने मंगलवार को शुरू करा दिया है।

**हमारी पहली प्राथमिकता वार्ड को आदर्श बनाना है-शेरे पठान**

वार्ड में 26 लाख के भूमि पूजन के पश्चात मीडिया से बात करते हुए पूर्व पार्षद शेरे पठान ने कहा कि में पूर्व में बार्ड का प्रतिनिधित्व कर चुका हूँ। आज भी प्रतिनिधित्व कर रहा हूँ। मेरी पहली प्रथामिकता वार्ड के रुके हुए कार्य पूरे कराना है। इसके पश्चात जो भी बिकास के काम होंगे वह कराये जायेगे मैं वार्ड में निवासरत नागरिकों के सहयोग एवं आशीर्वाद से वार्ड न.सात(7)को एक आदर्श वार्ड बनाऊंगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शिवनारायण दुबे बल्लू बकील,नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती विमला नरेंद्र दुधरिया,उपाध्यक्ष हाकिम चौधरी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाबूलाल कुशवाह,पार्षद जगमोहन तहरिया,राहुल गुर्जर,बीरेंद्र शर्मा,प्रदीप चौधरी,अनीश अहमद(ब्लॉक अध्यक्ष कॉंग्रेस आई टी सेल दबोह),ठाकुर दास दौहरे,रामकुमार कुशवाह,जीतू दौहरे,संतराम राठौर एवं वार्डवासी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने आदिवासियों के बिच मनाई बिरसा मुंडा जयंती

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट



जल-जंगल- जमीन व आदिवासियों के अस्तित्व की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले लोकजननायक क्रांतिवीर धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में आदर्श दानपात्र सेवा समिति द्वारा 15 नवंबर को जिले के संवेदनशील क्षेत्र ग्राम गांगुलपारा जो कि आदिवासी बाहुल्य, वनांचल पहाड़ियों से घिरा हुआ क्षेत्र है वहां पहुंचकर बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई एवं मिष्ठान सामग्री का वितरण किया गया साथ ही वहां निवासरत मासूम बच्चे, बुजुर्ग, पुरुष, महिलाओ को बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रहन- सहन, अधिकार एवं सरकार की योजनाओं के बारे में उन्हें अवगत कराया गया,? ताकि वह यह सब जानकारी प्राप्त कर उसका उचित लाभ ले सके एवं अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर एक अच्छा इंसान एवं उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अग्रसर कर सके । इस दौरान आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने निःशुल्क पाठशाला भी लगाई एवं वहां के बच्चों में देखा कि इन्हें सिर्फ एक अच्छे मार्गदर्शन की जरूरत है।

# 10 हजार रुपये का ईनामी फरार आरोपी सरपंच हेमराज मीना गिरफ्तार

**पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** पिछले कई दिनों से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के ईनामी एक सरपंच को पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक श्री मंयक अवस्थी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश कुमार गर्ग एवम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीहोर सुश्री अर्चना अहीर के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी अहमदपुर उनि शैलेन्द्र सिंह तोमर ने 10 हजार रुपये के ईनामी फरार आरोपी सरपंच हेसराज मीना को उसकी ससुराल से गिरफ्तार किया गया है।

**घटनाक्रम इस प्रकार है कि गत**-27 अगस्त को फरियादिया अनीता मीना ने थाने में रिपोर्ट की थी। इसमें बताया गया था कि मैं और मेरे पिता जी निजि काम से सीहोर जा रहे थे। तभी सतौनिया गांव से पहले मेरे गांव का गोलू मीणा एवं उसके साथी हमारी एक्टिवा के पास आ गए और मुझे चलती गाडी से खींच लिया। जिससे मैं गिर गयी। दोनों आरोपियों ने हमारा रास्ता रोककर गाडी लगाकर मेरे से दो लाख रुपये देने की मांग की। हमने पैसे नहीं दिये तो कहा कि तुझे उठा ले जाउंगा। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुध्द विभिन्न धाराओं मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।

इस घटना को अन्जाम देने के बाद से आरोपी हेमराज मीना( सरपंच ) फरार था चल रहा था। अपराध की गंभीरता को देखते हुए के पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी ने जन सहयोग एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिये 10 हजार रुपये ईनाम की घोषणा की थी। इस के बाद से ही आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी।इस दौरान सूचना मिलने पर मंगलवार को पुलिस टीम ने आरोपी हेमराज मीना को उसके ससुराल हिरानाखेडी थाना शुजालपुर से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है ।उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह तोमर , उनि निधि रघुवंशी थाना दोराहा , प्रआर योगेश भावसार सायबर सेल आरक्षक ज्योती मेहर , आरक्षक उमेश वर्मा थाना दोराहा, आरक्षक वीरेन्द्र सिह, आरक्षक फरीद खान की सराहनीय भूमिका रही।

# आरंभ होगी स्व.प्रमोद पटेल काका स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता

**पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** खिलाड़ियों के लिए हर संभव सहयोग देने वाले बीएसआई क्लब के पूर्व चेयरमैन और मप्र निर्यात निगम के अध्यक्ष स्व. प्रमोद पटेल काका की स्मृति में गुरुवार से शहर के चर्च मैदान पर काका स्मृति लीग फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि स्व. श्री पटेल की स्मृति में होने वाली इस प्रतियोगिता में आधा दर्जन फुटबाल टीमों को शामिल किया गया है। इसके लिए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया के द्वारा टीमों का चयन किया गया है। इसके अलावा गुरुवार को ही इंदौर के लिए अंतर जिला स्तरीय टीम का गठन किया जाएगा। गत दिनों अंतर जिला स्तरीय फुटबाल टीम के लिए 30 खिलाड़ियों को शामिल किया गया था। गुरुवार को इसका चयन कर टीम को रवाना भी किया जाएगा।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम से होने वाली काका स्मृति लीग फुटबाल प्रतियोगिता में सीहोर बॉयज एफसी, सीहोर क्लब एफसी, आरएसआई एफसी, एमजी एफसी, बीएसआई आदि टीमों को शामिल किया गया है। शुभारंभ मैच सीहोर बॉयज एफसी और सीहोर क्लब एफसी के मध्य खेला जाएगा। मैदान पर इन दिनों इंदौर में होने वाली फुटबाल प्रतियोगिता के साथ फुटबाल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बुधवार को इंदौर में आगामी 15 अक्टूबर को अंतर जिला स्तरीय सीहोर टीम का मैच उज्जैन से होने वाला है। इसके लिए मैदान पर दो दर्जन से अधिक टीम के खिला?ी अभ्यास कर रहे है।

# सरकार को किसानों की चिंता कम चीताओं और पूजी पतियों की चिंता ज्यादा है अखिलेश यादव

## किसान 3-3 दिन से लाइन में लगा है खाद नहीं मिल रही

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-भिंड।** राजेश शर्मा जिला महासचिव मध्यप्रदेश किसान सभा मध्य से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेश किसान सभा जिला समिति की बैठक गोहद के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर ने की। जिले के किसानों की समस्याओं पर विस्तृत रिपोर्ट संगठन के जिला महासचिव राजेश शर्मा ने रखी। बैठक में संगठन के राज्य महासचिव अखिलेश यादव ने मार्गदर्शन किया। बैठक में जिले की कृषि समस्या एवं सरकार के रवैए पर भी चर्चा हुई। बैठक में मध्य प्रदेश किसान सभा के राज्य महासचिव अखिलेश यादव ने कहा कि अतिवृष्टि से किसानों की बाजरा ज्वार एवं तिली की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी। धान की फसल भी बर्बाद होने की कगार पर है। अतिवृष्टि ने वाजरा एवं ज्वार की करव को भी सडा दीया है। ऐसी स्थिति में किसानों के फसल के हुए नुकसान का आकलन करके सरकार को मुआवजा देना चाहिए। लेकिन सरकार कुंभकरण की निद्रा में सो रही है। सरकार को किसानों की नहीं उद्योगपतियों ,और चीता की ज्यादा चिंता है। स्थिति इतनी खराब है ज्वार और बाजरा खेतों में सड़ रहा है। किसान नेता ने कहां?? कि एक तरफ किसानों की खरीफ की फसल नष्ट हो गई तो दूसरी तरफ सरसों की बोनी भी लेट हो रही है यह दो तरफा प्राकृतिक आपदा है। किसान नेता यादव ने कहा कि लमपी वायरस जिले में फैलता जा रहा है। किसानों का पशुधन नष्ट हो रहा है वैसे तो गांव में पशु चिकित्सालय है ही नहीं यदि कहीं भीहै तो उसनेडाक्टर और स्टाफ नहीं है। भाजपा वाले गाय माता पर राजनीति तो बहुत करते हैं लेकिन लंमपी ग्रस्त गायों के लिए वैक्सीन और दवा भी उपलब्ध नहीं करवा पा रहे।किसान 3-3 दिन से लाइन में लगा है खाद नहीं मिल रही।

किसान नेता ने कहा किसानों के सारे कर्जा माफ होना चाहिए। किसानों की फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी, किसानों को 5 एचपी के कनेक्शन पर बिजली फ्री, जिले की? नहरो में 12 महीने पानी छोड़ने की मांग, आवारा गायों से किसानों की फसलों को बचाना एवं गायों के लिए गौशाला बनवाना, उनके लिए चारे पानी की व्यवस्था करना, किसानों के नामांतरण बंटवारे मुफ्त में कराना, सहकारी संस्था में किसानों को सदस्य बनवाना, दिग्विजय सरकार के समय में अनुसूचित जाति के लोगों को जो जमीन के पट्टे मिले थे उनको कंप्यूटर में दर्ज कराना,आदि मांगों को सरकार गंभीरता से लेकर उनका निराकरण करें। किसान नेता ने कहा कि भाजपा के लोग इन समस्याओं से किसानों का ध्यान हटाकर धर्म जाति के नाम पर लोगों को लड़ाने का षड्यंत्र कर रही हैं। आने वाले दिनों में भिंड जिले में किसानों के ज्वलंत सवालों को लेकर देश का संविधान लोकतंत्र भाईचारा बचाने के लिए निर्णायक आंदोलन किए जाएंगे। बैठक में संगठन के जिले के पदाधिकारी ओमप्रकाश बाथम, अनिल दोनेरिया, वीरेंद्र सिंह कुशवाह, राजेंद्र सिंह कुशवाह मालनपुर, नारायण माहौर, रामसेवक बाबा, जय सिंह माहौर, मुन्ना लाल कुशवाहा, जनपद सदस्य गण शिशुपाल सिंह राणा, राजकुमार जाटव, राकेश प्रजापति, विजय राम कुशवाह, राजेंद्र सिंह प्रजापति, राजेंद्र सिंह कुशवाह आदि मौजूद थे।

# कलेक्टर ने पैक सोसायटी सचिव को निलंबित करने निर्देश दिए

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने ग्राम विस्वारी एवं ग्राम थनूपुरा में नल जल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पैक सोसायटी विस्वारी सचिव रामप्रकाश सिंह द्वारा खाद वितरण न करने एवं नियमित कृषकों को भी खाद न दिए जाने साथ ही बार-बार संपर्क करने पर फोन बंद जाने पर पैक सोसायटी सचिव रामप्रकाश सिंह को निलंबित करने डीआरसीएस एवं जीएमसीसीबी को निर्देश दिए।

# आरोपी ने दवा देने के बहाने बुलाया

**ग्वालियर।**संतान की चाह में विशेष पूजा और दवाई के नाम पर एक महिला रेप की शिकार हो गई। आरोपी ने उसे झूठ बोलकर बुलाया और एक क्लीनिक में उसके साथ जबरदस्त की। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत की है।ग्वालियर में बच्चे के नाम पर महिला से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने मंदिर पर विशेष पूजा के बहाने महिला को बुलाया। इसके बाद देसी दवा दिलाने की बात कहकर क्लीनिक में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने वारदात के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने मंगलवार को मोहना थाने में की है। पीड़िता ने दैनिक भास्कर से फोन पर आपबीती बताई।'मैं मुरैना की रहने वाली हूं। 3 साल पहले मोहना के युवक से शादी हुई थी। शादी के बाद मोहना में रहने लगी। पति ट्रक ड्राइवर हैं। कोशिशों के बाद भी अभी तक गोद नहीं भरी। बच्चे की चाह में मोहना थाने के पीछे काली माता के मंदिर पर पूजा करने जाती थी। यहां विशेष पूजा करवाती थी। मंदिर पर रोजाना श्यामू कुशवाह नाम का युवक मिलता था। दोनों की जान-पहचान हो गई। मंदिर में जब भी बड़ी पूजा होती थी, तो वह मुझे कॉल कर सूचना दे देता था। 10 अक्टूबर को भी श्यामू ने मुझे फोन किया कि मंदिर में विशेष पूजा है। जब मैं मंदिर पहुंची, तो वहां कोई पूजा नहीं थी। यहां श्यामू मिला।उसने कहा कि वह उसकी समस्या का समाधान जानता है। गांव में ही राजू पाल नाम का देसी दवा का डॉक्टर है। वह हर मर्ज का उपचार करता है। उसकी दवा लेने से बच्चे हो जाएंगे। वह मुझे डॉक्टर के पास ले गया। डॉक्टर ने मुझे क्लीनिक के अंदर कमरे में जाने के लिए कहा। डॉक्टर तो चला गया, लेकिन श्यामू अंदर आ गया। वह मुझसे जबरदस्ती करने लगा। जब शोर मचाने की कोशिश की, तो धमकी दी। इसके बाद उसने रेप किया। मैं काफी घबरा गई थी। पति घर पर नहीं थे। मुंहबोले भाई को साथ लेकर थाने आई। पीड़िता ने बताया कि मैं काफी डर गई थी, इसलिए अकेले थाने न जाते हुए मुंहबोले भाई को लेकर मंगलवार को थाने पहुंची। यहां जाकर शिकायत की। पति गाड़ी लेकर काम से बाहर गए हैं। आखिरी समय तक आरोपी मुझे धमकाता रहा। पुलिस ने भी काफी देर बाद सुनी। मामले में मोहना थाना प्रभारी केपी यादव का कहना है कि आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी अभी फरार है।

**इलाज कराने आई मरीज से रेप,ग्वालियर में डॉक्टर और असिस्टेंट ने लूटी आबरू**-ग्वालियर की श्रीराम कॉलोनी में एक डॉक्टर और उसके असिस्टेंट पर इलाज कराने आई 40 साल की महिला से रेप करने का आरोप लगा है। घटना 5 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे की है। महिला जया आरोग्य हॉस्पिटल (छ्व॥) स्थित माधव डिस्पेंसरी में दिखाने आई थी। यहां से आरोपी असिस्टेंट महिला को डॉक्टर के पास ले गया था।

# पत्नी को दबंगों ने टक्कर मार किया घायल, पुलिस के पास गए तो टरका दिया

**मुरैना,**मुरैना में एक गरीब महिला लंग?ाते हुए अपने पति का सहारा लेकर एसपी ऑफिस के चक्कर लगाती देखी जा सकती है। यह महिला पिछले एक माह से लगातार चक्कर लगा रही है लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। इस महिला को उसी के गांव के दबंगों ने कार से टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई है। महिला पुलिस के पास रिपोर्ट लिखाने गई तो दबंगो के प्रभाव में आकर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। पति का नाम दिनेश कुमार जाटव है। यह हिंगौनाकला गांव के रहने वाले हैं। 14 सितंबर 2022 को महिला कुसुम अपने भतीजे बंटी के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक-एमपी-06 एमडब्लू 5082 से मुरैना से अपने गांव जा रही थी। समय लगभग दोपहर का एक बज रहा था। दौजी का पुरा मो? पर जब वह पहुंची तो वाहन क्रमांक- एमपी-06 सीए 8748 का चालक राजकिशोर डण्डौतिया पुत्र उलफत डण्डौतिया, निवासी



अब वह एसपी ऑफिस के चक्कर लगा रही है, यहां भी उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।बता दें, कि इस महिला का नाम कुसुमा है तथा इसके हिंगौनाकला ने उसे सामने से टक्कर मार दी जिससे उसके पैर में चोट लग गई।फोन करके महिला ने अपने पति को मौके पर बुला लिया ।

जब उसने चालक राजकिशोर डण्डौतिया से कहा कि तुमने टक्कर क्यों मारी तो उसने उल्टा जातिगत गालियां देते हुए उसका अपमान किया और धमकी देते हुए कहा कि अब और मारेंगे, तुझे जो करना है सो कर ले। राजकिशोर दण्डौतिया उस गांव का दबंग व्यक्ति है। लिहाजा अपमान का घूंट पीकर दोनों पति-पत्नी जब सिविल लाइन थाने पहुंचे तो वहां मौजूद थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने उनको भगा दिया साथ ही यह भी कहा कि वह इस मामले में उनकी कोई मदद नहीं कर सकते हैं।थाना प्रभारी प्रवीण चौहान के भगाने के बाद दोनों पति-पत्नी एसपी ऑफिस पहुंचे तो देखा कि वहां लंबी लाइन लगी है। लाइन में लगकर दोनों पति-पत्नी जब एसपी आशुतोष बागरी के पास पहुंचे तथा रोते हुए पूरी बात बताई तो उन्होंने कहा कि आवेदन दे तो और थाना प्रभारी के पास चले जाना। दोनों फिर थाने पहुंचे लेकिन वहां मामला पहले ही जैसा था। फिर दोनों एसपी ऑफिस पहुंचे तो एसपी बोले कि बताओ क्या समस्या है। इस पर दोनों ने अपनी समस्या बताई तो बोले कि पहले बता चुके हैं, वही समस्या है। एसपी ने दोबारा आवेदन ले लिया और चलता कर दिया।

कुसमा व उसका पति दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। एक तरफ दबंग ने टक्कर मारकर घायल कर दिया तो दूसरी तरफ उनका जातिगत अपमान किया। अनूसूचित जाति के होने के बावजूद उनकी बात पुलिस नहीं सुन रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस दबंग राजकिशोर दण्डौतिया के प्रभाव है जिसके कारण उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। न थाना प्रभारी सुन रहे हैं और न ही पुलिस अधीक्षक।

फरियादी पत्नी कुसुमा

**कहते हैं पुलिस अधीक्षक**

उस मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं, लेकिन दोनों पति-पत्नी सामने वाले के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराना चाहते हैं। इसके लिए हमने कहा कि पहले जांच करेंगे, उसके बाद ही एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

**आशुतोष बागरी, पुलिस अधीक्षक, मुरैना**

# त्योहार पर शहर में खपानी थी स्मैक, पुलिस के हत्थे चड़े बदमाश

**ग्वालियर।**ग्वालियर में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्मैक की खेप लेकर आए तस्करों के खिलाफ क्राइम ब्रांच, विश्वविद्यालय और बहोड़ापुर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने दो तस्करों को पक?कर उनके कब्जे से सात लाख रुपए कीमत की स्मैक बरामद की है।पुलिस अब पकड़े गए तस्करों से पूछताछ कर उनके अन्य साथियों का पता लगाने में जुट गई है। यह स्मैक त्योहार पर ग्वालियर शहर में खपाई जानी थी। पुलिस अफसरों की माने तो पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के बाद इस रैकेट के अन्य सदस्य भी हाथ आ सकते हैं।एएसपी राजेश डंडोतिया ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक तस्कर विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्मैक की खेप लेकर आने वाला है। इसका पता चलते ही थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच दामोदर गुप्ता व विश्वविद्यालय थाना प्रभारी मनीष धाकड़ को सूचना की तस्दीक के लिए लगाया। जिस पर थानों की टीम बनाकर संदेही तस्कर की तलाश शुरू की पुलिस टीम जब एजी पुल के पास पहुंची तो एक युवक पुलिस को देखते ही भागने लगे , जिनका पीछा कर पुलिस ने उसे दबोचा और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से पचास ग्राम स्मैक कीमती करीब पांच लाख रुपए की बरामद हुई। उसे पकड़कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस ने पकड़े गए तस्कर से पूछताछ की तो शुरुआत में गलत जानकारी देकर पुलिस को गुमराह करता रहा। जब पुलिस ने अपने तरीके से पूछताछ की तो स्मैक तस्कर ने अपनी पहचान अनिल शर्मा पुत्र सतेन्द्र शर्मा निवासी महलगांव बताया है । पुलिस उससे पूछताछ कर उसके अन्य साथियों की पूछताछ करने में जुट गई है ।अभी सिटी सेंटर से पकड़े गए स्मैक तस्कर से पूछताछ की ही जा रही थी कि बहो?ापुर थाना पुलिस की गश्त पर निकली टीम को देखकर एक युवक भागने लगा तो पुलिस ने उसका पीछा कर पकड़ा है। पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उससे दो लाख रुपए की स्मैक बरामद हुई है। पकड़े गए तस्कर को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ करना शुरू कर दिया है। पकड़े गए तस्कर की पहचान मोनू उर्फ मनदीप रजक निवासी नदी पार टाल थाटीपुर के रूप में हुई। पुलिस अब उससे पूछताछ कर पता लगा रही है कि उसके इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल है

# गाड़ी किराए पर करने के बहाने किया अपहरण, चंद घंटों के अन्दर छूटा युवक

**मुरैना।**मुरैना में एक युवक का अपहरण करने का मामला सामने आया है। युवक कार चलाता है। युवकों ने उससे किराए पर कार की थी। रास्ते में उसके हाथ-पैंर बांध कर कार में डाल लिया। उसके बाद उससे कहा कि तुम अपने घर से 10 लाख रुपए मंगाओं। युवक ने अपनी मां को फोन कर दस लाख रुपयों का इंतजाम करने की बात कही तथा अपहरण की बात बताई। बाद में रात में युवक शौच के बहाने वहां से भाग निकला तथा दूसरे दिन घर पहुंचकर उसने घर वालों को पूरी बात बताई तथा जौरा थाने में अपहरणकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया।बता दें, कि युवक पवन गोस्वामी पुत्र स्व. रामविलास गोस्वामी, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम मानपुर बल्ला हाल वार्ड नंबर-1 सिंघलपुरा जौरा बुलेरो कार किराए पर चलाता है। 11 अक्टूबर 2022 को दोपहर सवा बारह बजे उसके मोबाइल पर एक अनजान व्यक्ति ने फोन किया तथा कहा कि उसे किराए पर गाड़ी चाहिए। अनजान युवक ने उसे पगारा रोड पर आने को कहा। वह गाड़ी लेकर पगारा रोड पर जा पहुंचा। पगारा रोड पर कॉलेज के पास उसे दो लड़के मिले उन्होंने अपना नाम पवन बघेल व धर्मसिंह तोमर, निवासी सुहांस, थाना एडौरी, जिला भिण्ड का होना बताया। दोनों लड़के उससे बोले कि निरार गांव से विदा कराने जाना है। जब वे लोग निरार पहुंचे तो धर्मसिंह बोला कि विदा वाले लोग तो जौरा चले गए, चलो वापस चलते हैं। वे लोग वापस लौटे तथा पगारा रोड पर पहुंचे तो काशीपुर गांव के मोड़ के पास दोपहर के लगभग दो बजे पवन बघेल बोला कि उसे लघुशंका के लिए जाना है। उसने जैसे ही गाड़ी रोकी तो दोनों लड़कों ने उसे पकड़कर उसके हाथ-पैर बांध दिए तथा मुंह बांध दिया तथा गाड़ी की बीच वाली सीट पर डाल लिया।

# फुटेज में दिखने वाला भिंड का प्रॉपर्टी डीलर, गोली से कर्मचारी की जान जाते-जाते बची

**ग्वालियर।**ग्वालियर-भिंड की सीमा पर बने बरैठा टोल पर टैक्स मांगने पर फायरिंग करने वाले पर आखिरकार पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। यह मामला टोल कर्मचारी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। गोली मारने वाले की पहचान भिंड गोहद के एंडोरी के एक प्रॉपर्टी के रूप में हुई है। प्रॉपर्टी कारोबारी पर पहले से कई अपराधिक मामले भी दर्ज हैं। अब महाराजपुरा पुलिस गोदह पुलिस से संपर्क कर इस प्रॉपर्टी कारोबारी की जानकारी जुटा रही है। फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान की है।

**यह है पूरी घटना**-शहर के महाराजपुरा स्थित बरैठा टोल पर सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात करीब 1 बजे भिंड की तरफ से एक काले रंग की टाटा सफारी कार आ रही थी। कार सवार जैसे ही टोल पहुंची तो इलेक्ट्रोनिक बैरियर डाउन हो गया। टोल पर कर्मचारी ने टोल टैक्स मांगा तो कार सवार ने गालियां देते हुए वीरेन्द्र तोमर के नाम से वहां से निकालने के लिए कहा। टोल कर्मचारी ने कहा कि कौन वीरेन्द्र तोमर इस पर युवक खफा हो गया और बैरियर हटाकर विवाद करते हुए अपनी गा?ी को आगे निकालकर खड़ी करता है। पीछे आ रही एक अन्य कार जब बैरियर पर ख?ी थी तभी यह कार सवार युवक अपनी कार से रायफल लेकर आता है और आते ही फायरिंग करता है। फायरिंग से कर्मचारी सहम जाते है। गोली हवा में दहशत फैलाने के लिए नहीं चलाई गई थी बल्कि सीधे एक कर्मचारी शैलेन्द्र भदौरिया को गोली लगने से बची। इसके बाद वहां दशहत फैल गई और हमलावर भाग गया था। पूरी घटना ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में कैद हुई थी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन जब तक हमलावर फरार हो चुका था। पुलिस ने जब पूरे घटनाक्रम की जांच की और कैमरे की फुटेज और कार के नंबर से सर्चिंग की तो कार सवार आरोपी की पहचान भिंड के गोहद कस्बा स्थित एंडोरी निवासी अर्जुन सिंह तोमर के रूप में हुई है। अर्जुन प्रॉपर्टी कारोबारी है और वह किसी वीरेन्द्र तोमर के नाम से गा?ी निकालना चाहता था। यह वीरेन्द्र तोमर कौन है ये न तो टोल वाले बता पा रहे हैं न ही पुलिस को पता है। आरोपी कार सवार के पक? जाने के बाद ही पुलिस यह पता लगा सकेगी।- पुलिस ने जब हमलावर अर्जुन तोमर के बारे में जानकारी जुटाई तो पता लगा है कि आरोपी पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। अब उस पर किस तरह के मामले दर्ज हैं यह पुलिस पता लगा रही है।

**पुलिस का कहना**

इस मामले में सीएसपी महाराजपुरा रवि भदौरिया का कहना है कि बरैठा टोल पर फायरिंग की घटना के बाद स्नढ्ढक्रदर्ज कर ली गई है। आरोपी की पहचान हो गई है। उसकी तलाश में टीम लगाई गई है। आरोपी जल्द पक? लिया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, राहुल शिवहरे के लिये शिवहरे प्रिंटर्स, रुहानी रोड, वार्ड नं. 14, लहार, जिला भिण्ड से मुद्रित एवं रुहानी रोड, वार्ड नं. 14 लहार, जिला भिण्ड से प्रकाशित।
सम्पादकः- राहुल शिवहरे (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर रहेगा)